भाद्रपद कृष्ण - 30 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 53 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » गुरुवार » 14-09-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 सन्यास के बारे में नहीं सोच रही हूं : साइना नेहवाल

6 अगली पीढ़ी के प्राणों में भी बसानी होगी हिन्दी

7 सनातन धर्म भारत का राष्ट्रीय धर्म, इस धर्म पर पहले भी प्रहार होते रहे हैं : योगी

फर्स्ट टेक

विशेष सत्रः सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई

नई दिल्ली/वार्ता। सरकार ने संसद के विशेष सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितम्बर तक होगा और इस दौरान पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सोमवार से शुरू होने वाले विशेष सत्र के लिए संसदीय कार्य मंत्री ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलायी है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने विपक्षी दलों के नेताओं की मांग के बावजूद अभी तक विशेष सत्र के लिए कोई एजेन्डा जारी नहीं किया है। विपक्षी दलों की ओर से कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर विशेष सत्र का एजेन्डा सार्वजनिक करने की मांग की थी।

'इंडिया' गठबंधन आम चुनाव में देशभर में करेगा संयुक्त सभाएं

नई दिल्ली/वार्ता। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने 2024 के चुनाव में देशभर में संयुक्त रूप से सार्वजनिक सभाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है और इस क्रम में पहली आम सभा अक्टूबर के पहले सप्ताह में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में होगी। समन्वय समिति के सदस्य तथा कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बैठक के बाद बताया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार के आवास पर आज शाम हुई समिति की पहली बैठक में भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों के साथ ही देश में जाति जनगणना के मुद्दे पर चर्चा हुई जिसको लेकर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

रूस के 'युद्ध' को उत्तर कोरिया ने पूरा समर्थन जताया

सियोल/एपी। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष उनके सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए ''युद्ध'' (यूक्रेन युद्ध के संदर्भ) में अपने देश की ओर से पूर्ण समर्थन देने का संकल्प जताया और कहा कि उनका देश ''साम्राज्यवाद विरोधी'' मोर्चे पर हमेशा मॉस्को के साथ खड़ा रहेगा। किम ने रूस के साथ उत्तर कोरिया के संबंध को ''पहली प्राथमिकता'' बताया। रूस और उत्तर कोरिया के नेताओं ने एक सुदूरवर्ती साइबेरियाई रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र में मुलाकात की। पुतिन ने अपने शुरुआती संबोधन में रूस में किम का स्वागत किया और कहा कि अपने देश में किम को देखकर उन्हें खुशी हो रही है।

14-09-2023	15-09-2023
सूर्यास्त 6:11 बजे	सूर्योदय 5:57 बजे

BSE	NSE
67,466.99	20,070.00
(+245.86)	(+76.80)

सोना	चांदी
6,161 रु.	77,000 रु.
(24 कैरेट) प्रति ग्राम	प्रति किलो

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

व्याकुल प्रतिभाएं

नक्काल हो रहे हाईटेक,
प्रतिभाएं व्याकुल पढ़ने से।
आरक्षित कोटे रोक रहे,
मेधा को आगे बढ़ने से।
हो रहा पतन विद्वानों का,
नेताओं के मद चढ़ने से।
मच रही लूट आपाधापी,
अपने-अपने हित गढ़ने से।।

जब प्रत्येक परिवार स्वस्थ होगा तभी स्वस्थ भारत का निर्माण होगा

राष्ट्रपति ने की आयुष्मान भव अभियान की शुरुआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/वार्ता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रव्यापी आयुष्मान भव अभियान की औपचारिक शुरुआत करते हुए बुधवार को कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक परिवार स्वस्थ रहेगा तभी स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा।

शीमती मुर्मु ने गुजरात के गांधीनगर के राजभवन से आयुष्मान भव अभियान का ओनलाइन शुरुआत करते हुए कहा कि आयुष्मान भव का लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक गांव को इसमें शामिल करना है। उन्होंने कहा, यह हमारे देश में सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा के उद्देश्य को प्राप्त करने में सफलता हासिल करेगा। जब प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक परिवार स्वस्थ रहेगा तभी स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा।

इस अवसर पर राष्ट्रपति के साथ राजभवन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो एस पी सिंह बघेल और डॉ.भारती प्रवीण पवार भी उपस्थित रही। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ऑनलाइन रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए।

राष्ट्रपति ने कहा कि सभी का सहयोग इतने विशाल लक्ष्यों को हासिल करने में सहायक होगा। सभी लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराना, ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के बारे में जागरूक करने के लिए आयुष्मान बैठकें आयोजित करना, आयुष्मान मेलों का आयोजन और आयुष्मान आपके द्वार पहल के अंतर्गत सप्ताह में एक बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के दौरे की व्यवस्था करना सराहनीय कदम हैं। उन्होंने कहा कि भारत कई क्षेत्रों में नई तकनीक और कार्य पद्धतियों को अपनाने में बहुत उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है और भारत अन्य क्षेत्रों की तरह स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी डिजिटल समावेशन का उदाहरण स्थापित करेगा। आयुष्मान भव अभियान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम छोर तक पहुंचना करना है। यह अभियान 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़े' के रूप में होगा।

भव्य स्वागत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल एवं शानदार आयोजन के बाद पहली बार पार्टी के केंद्रीय कार्यालय आगमन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बुधवार को यहां भव्य स्वागत किया। मोदी करीब सात बजे जैसे ही भाजपा मुख्यालय पहुंचे, दिल्ली प्रदेश भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनकी गाड़ी पर पुष्प वर्षा की। इसके बाद श्री मोदी गाड़ी से उतरे तो भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने उन्हें गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। हर्ष भरे नारों के बीच श्री मोदी कार्यालय में अंदर की ओर आए तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य बी एस येड्डीयुरप्पा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस, पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी आदि ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

भाजपा-जद(एस) गठबंधन पर मोदी, शाह करेंगे अंतिम फैसला : येड्डीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी.एस. येड्डीयुरप्पा ने बुधवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में जनता दल (एस) के साथ हाथ मिलाने पर चर्चा अभी चल रही है और केंद्रीय नेतृत्व इस पर अंतिम फैसला लेंगे। येड्डीयुरप्पा ने कहा कि गठबंधन पर अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा। कर्नाटक में भाजपा और जद(एस) के बीच चुनावी गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर येड्डीयुरप्पा ने संवाददाताओं से कहा, हमें नहीं पता कि मोदी जी और अमित शाह जी के मन में क्या है... चर्चा अभी

चल रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में न तो उन्हें कुछ कहना है और न ही वह कोई सुझाव देंगे क्योंकि सीट बंटवारे पर फैसला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व पर छोड़ दिया गया है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य येड्डीयुरप्पा पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए इस समय दिल्ली में हैं। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए चुनावी तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

येड्डीयुरप्पा ने आठ सितंबर को बेंगलुरु में संवाददाताओं से कहा था, मुझे खुशी है कि देवेगौड़ा जी हमारे प्रधानमंत्री से मिले और उन्होंने पहले ही लगभग चार सीट को अंतिम रूप दे दिया है। मैं इसका स्वागत करता हूं...। येड्डीयुरप्पा की इन टिप्पणियों से राज्य की राजनीति हलचल मच गई और जद (एस) के नेता एचडी कुमारस्वामी ने दावा किया था कि गठबंधन को लेकर ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई है। इस राजनीतिक विवाद पर पर्दा डालने की कोशिश के तहत येड्डीयुरप्पा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि वह अपने पिछले दावे में तथ्यात्मक रूप से गलत थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संभावित गठबंधन पर अंतिम फैसला भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

अभिषेक बनर्जी से नौ घंटे ईडी की पूछताछ

कोलकाता/भाषा। पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी से नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। पूछताछ के बाद यहां ईडी कार्यालय से बाहर निकले बनर्जी ने आरोप लगाया कि ''ईडी के अधिकारी राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए मुझसे पूछताछ कर रहे हैं।'' उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनकी पार्टी को विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में अपनी भूमिका निभाने से रोकना चाहती है। बनर्जी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुझे उस दिन पेश होने को कहा, जिस दिन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की समन्वय समिति की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि ईडी का समन मुझे 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में शामिल होने से रोकने के लिए था।

एयरबस ने भारतीय वायु सेना को सौंपा सी295 विमान

सेविले (स्पेन)/भाषा। एयरबस डिफेंस एंड स्पेस कंपनी ने बुधवार को पहला सी295 परिवहन विमान भारतीय वायु सेना (आईएएफ) को सौंपा।

भारतीय वायु सेना को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से सरकार ने 'एयरबस डिफेंस एंड स्पेस कंपनी' के साथ दो साल पहले 21,935 करोड़ रुपये में 56 सी295 परिवहन विमानों को खरीदने का सौदा किया था।

स्पेन के सेविले शहर में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना प्रमुख वी.आर. चौधरी को एयरबस कंपनी के उत्पादन संयंत्र में यह विमान सौंपा गया।

इस समझौते के तहत एयरबस 2025 तक सेविले में शहर में अपने उत्पादन संयंत्र से 'फ्लाई-अवे' (उड़ान के लिये तैयार) स्थिति में 16 सी295 विमानों की आपूर्ति करेगा। इसके बाद दोनों कंपनियों के बीच हुए एक औद्योगिक साझेदारी के हिस्से के रूप में शेष 40 विमानों का निर्माण और संयोजन भारत में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड(टीएएसएल) द्वारा किया जाएगा।

उज्ज्वला योजना का हुआ विस्तार

अगले तीन वर्ष में दिए जायेंगे 75 लाख नये रसोई गैस कनेक्शन

योजना के विस्तार के लिए 1650 करोड़ रुपए की स्वीकृति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। नई दिल्ली 13 सितंबर (वार्ता) केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के विस्तार के लिए 1650 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है जिससे अगले तीन वर्ष में 75 लाख नये रसोई गैस - एलपीजी कनेक्शन दिये जाएगें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक के बाद सूचना एवं

प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-26 तक तीन वर्षों में 75 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी करने के लिए प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के विस्तार को मंजूरी दे दी है। इसका कुल व्यय 1650 करोड़ रुपये होगा। ठाकुर ने कहा कि गरीब परिवारों को एलपीजी कनेक्शन से स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच मिलेगी, जिससे लकड़ी, कोयला, गोबर आदि जैसे खाना पकाने के ईंधन के पारंपरिक स्रोतों के उपयोग के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इससे महिलाओं की कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कुछ पात्र परिवारों के पास अभी भी एलपीजी कनेक्शन नहीं है। इसके कारण बढ़ती जनसंख्या, विवाह, प्रवासन, परिवारों का विभाजन, बचे हुए घर, अत्यंत दूरस्थ स्थान आदि है।

कश्मीर मुठभेड़ में एक कर्नल समेत तीन अधिकारी शहीद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

श्रीनगर/वार्ता। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में तीन वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी - एक कर्नल, एक मेजर और एक पुलिस उपाधीक्षक शहीद हो गए। यह इस साल कश्मीर में सुरक्षा बलों को लगा सबसे बड़ा झटका और नुकसान है।

अधिकारियों ने कहा कि कोकेरनाग के गडोले इलाके में एक मुठभेड़ के दौरान सेना की विशिष्ट आतंकवाद विरोधी इकाई के कमांडिंग ऑफिसर सहित तीन सुरक्षा अधिकारी घायल हो गए। मुठभेड़ उस समय शुरु हुई

जब उस क्षेत्र सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमें घेराबंदी और तलाश अभियान (कासो) चला रही थीं। इस बीच तीनों घायल अधिकारियों ने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने कहा, सुरक्षा बल क्षेत्र की घेराबंदी कर रहे थे। इस बीच आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें तीन अधिकारी घायल हो गए। घायल अधिकारियों ने बाद में दम तोड़ दिया। इस मुठभेड़ में अभी तक किसी आतंकवादी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। सेना या पुलिस ने हताहतों के बारे में अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है।

आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट होकर खड़ा है : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कर्नल सहित तीन अधिकारियों के शहीद होने पर बुधवार को दुख जताया और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट होकर खड़ा है।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट

किया, 'सेना के हमारे बहादुर कर्मियों और एक डीएसपी ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ में आतंकवादियों से लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हम उनके जाने से दुखी हैं। हमारे बहादुर जवानों के परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं। उन्होंने कहा, आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट होकर खड़ा है।

राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में कहा, अनंतनाग , जम्मू कश्मीर में हुई एक आतंकवादी मुठभेड़ में हमारी सेना के 2 अफसरों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा, इस कठिन समय में शहीदों के शोकाकुल परिवारों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। भारत की रक्षा के लिए उनका यह बलिदान पूरा देश हमेशा याद रखेगा।

विदेशी आतंकवादियों को घुसपैठ कराने की पूरी कोशिश में पाकिस्तान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जम्मू/भाषा। सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आंतरिक सुरक्षा स्थितियों में हो रही प्रगति में बाधा डालने के लिए पाकिस्तान क्षेत्र में विदेशी आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की पूरी कोशिश कर रहा है।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना ने राजौरी और पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर विदेशी आतंकवादियों को मार गिराने की कोशिश की है।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने जम्मू शहर के बाहरी इलाके जगती में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) परिसर में 'नॉर्थ टेक संगोष्ठी' से इतर संवाददाताओं से कहा, ''सबसे बड़ी बात यह है कि बेहतर आंतरिक हालात (सुरक्षा हालात) के बावजूद पाकिस्तान अपनी तरफ से विदेशी आतंकवादियों को यहां भेजने की कोशिश कर रहा है, ताकि वे किसी तरह की बाधा उत्पन्न कर सकें। यह उस प्रगति के कारण है, जो हम जम्मू-कश्मीर में कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि 2022 में 1.88 करोड़ से अधिक पर्यटक जम्मू-कश्मीर आये। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा, ''हमारा प्रयास है कि इस वर्ष 2.25 करोड़ पर्यटक आएं। वे प्रगति की इस यात्रा को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम उन्हें सफल नहीं होने देंगे।'' राजौरी मुठभेड़ के बारे में एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पुंछ और राजौरी में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर ही विदेशी आतंकवादियों को मार गिराने की कोशिश की।

मंत्रिमंडल ने सुवेन फार्मास्युटिकल्स में 9,589 करोड़ रुपये के एफडीआई को मंजूरी दी

नई दिल्ली/भाषा। सरकार ने बुधवार को साइप्रस की बेरहायन्दा लि. के सुवेन फार्मास्युटिकल्स में 9,589 करोड़ रुपये तक के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को मंजूरी दे दी। कंपनी इस राशि का इस्तेमाल क्षमता विस्तार पर करेगी जिससे रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह मंजूरी अनिवार्य खुली पेशकश के माध्यम से मौजूदा प्रवर्तक शेयरधारकों और सार्वजनिक शेयरधारकों से शेयरों के हस्तांतरण के माध्यम से बेरहायन्दा लि. द्वारा सुवेन फार्मास्युटिकल्स के 76.1 प्रतिशत शेयर के अधिग्रहण के लिये है। प्रस्ताव का आकलन बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और अन्य संबंधित एजेंसिया कर चुकी हैं। बयान के अनुसार, सुवेन में कुल विदेशी निवेश 90.1 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। बयान के अनुसार, बेरहायन्दा लिमिटेड में संपूर्ण निवेश एडवेंट फंड्स के पास है, जो विभिन्न लिमिटेड पार्टनर्स (एलपी) से निवेश एकत्र करता है।

रिजर्व बैंक के अनुमान से अधिक रह सकती है दूसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीतिः यूबीएस

मुंबई/भाषा। खुदरा मुद्रास्फीति के अगस्त में घटकर 6.8 प्रतिशत पर आने के बावजूद विशेषज्ञों को यह आशंका सता रही है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह रिजर्व बैंक के अनुमान से 0.60 प्रतिशत अधिक रह सकती है। जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति 15 महीनों के उच्च स्तर 7.4 प्रतिशत पर रही लेकिन अगस्त में सब्जियों के दाम घटने से यह गिरकर 6.8 प्रतिशत पर आ गई। ब्रोकरेज फर्म यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि सितंबर में भी खुदरा मुद्रास्फीति छह प्रतिशत के ऊपर ही रहने का अनुमान है। ऐसी स्थिति में जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का आंकड़ा रिजर्व बैंक के अनुमान से अधिक रहने के आसार दिख रहे हैं। यूबीएस की मुख्य अर्थशास्त्री तन्वी गुप्ता-जैन ने कहा, वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए खुदरा मुद्रास्फीति रिजर्व बैंक के अनुमान 6.2% से 0.6% बढ़कर 6.8 प्रतिशत तक जा सकती है।

कर्ज भुगतान के बाद 30 दिन के भीतर ही सौंपे संपत्ति दस्तावेज, अन्यथा देना होगा हर्जाना : आरबीआई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कर्जदारों के हित में महत्वपूर्ण कदम उठाया। आरबीआई ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों को कर्ज की पूरी राशि की अदायगी के बाद 30 दिन के भीतर चल या अचल संपत्ति से जुड़े मूल दस्तावेज संबंधित कर्जदार को वापस करने तथा जो भी शुल्क लगाया गया है, उसे हटाने का निर्देश दिया। आरबीआई ने एक अधिसूचना में कहा कि निर्देश का अनुपालन नहीं करने पर उसके दायरे में आने वाली इकाइयों (आरई) को 5,000 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से हर्जाना देना होगा। केंद्रीय बैंक ने कहा कि वित्तीय संस्थान ऐसे चल या अचल संपत्ति दस्तावेजों को जारी करने में अलग-अलग रुख अपनाते हैं, जिससे ग्राहकों की शिकायतें और विवाद बढ़ते हैं।

आरबीआई ने कहा, ''उचित व्यवहार संहिता और चीजों को एक समान बनाने के मकसद से बैंकों और उसके दायरे में आने वाले

अन्य वित्तीय संस्थान कर्ज की पूरी राशि की अदायगी/निपटान के बाद चल या अचल संपत्ति से जुड़े सभी मूल दस्तावेज 30 दिन के भीतर संबंधित कर्जदार को वापस करेंगे। साथ ही जो भी शुल्क पंजीकृत है, उसे हटाएंगे।'' केंद्रीय बैंक ने कहा कि अगर इसमें कोई देरी होती है, तो संस्थान इस बारे में संबंधित कर्जदार को इसके कारण के बारे में सूचना देंगे।

आरबीआई ने सभी बैंकों और अपने दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के लिये जारी अधिसूचना में कहा है कि कर्जदारों को उसकी प्राथमिकता के अनुसार मूल चल/अचल संपत्ति दस्तावेजों को या तो उस बैंक शाखा से एकत्र करने का विकल्प दिया जाएगा जहां ऋण खाता संचालित किया गया था या संबंधित इकाई के किसी अन्य कार्यालय से जहां दस्तावेज उपलब्ध हैं। चल/अचल संपत्ति के मूल दस्तावेजों की वापसी की समयसीमा और स्थान के बारे में कर्ज मंजूरी पत्रों में उल्लेख किया जाएगा।

आरबीआई ने यह भी कहा है कर्जदार या संयुक्त कर्जदार के निधन की स्थिति को लेकर वित्तीय संस्थान कानूनी उत्तराधिकारियों को चल/अचल संपत्ति के मूल दस्तावेजों की वापसी को लेकर पहले से प्रक्रिया निर्धारित करके रखेंगे।

न्याय के रास्ते से भटका सकता है मीडिया ट्रायल, आपराधिक मामलों में ब्रीफिंग के बारे में विस्तृत नियमावली तैयार की जाए : न्यायालय

नई दिल्ली/भाषा। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को गृह मंत्रालय को आपराधिक मामलों में पुलिस कर्मियों की मीडिया ब्रीफिंग के बारे में तीन महीने में विस्तृत नियमावली तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि मीडिया ट्रायल न्याय के रास्ते से भटका सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस बारे में एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की तत्काल आवश्यकता है कि पत्रकारों को कैसे जानकारी दी जानी चाहिए क्योंकि 2010 में गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा इस विषय पर पिछली बार दिशानिर्देश जारी किए जाने के बाद से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में आपराधिक घटनाओं पर रिपोर्टिंग बढ़ी है।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मीडिया के बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार और आरोपी के निष्पक्ष जांच के अधिकार तथा पीड़ित की निजता के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। पीठ ने सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) को आपराधिक मामलों में पुलिस की मीडिया ब्रीफिंग के लिए नियमावली तैयार करने के संबंध में एक महीने में गृह मंत्रालय को सुझाव देने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली पीठ ने कहा, सभी डीजीपी दिशा-निर्देशों के लिए अपने सुझाव एक महीने में गृह मंत्रालय को दें...राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सुझाव भी लिए जा सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब जांच जारी हो तो पुलिस द्वारा समय से पहले किया गया कोई भी खुलासा मीडिया ट्रायल को बढ़ावा देता है जो न्याय के रास्ते से भटका सकता है क्योंकि यह सुनवाई करने वाले न्यायाधीश को भी प्रभावित कर सकता है।

वाहन कंपनियों को परिचालन को स्थिर, पर्यावरण अनुकूल बनाने की जरूरत : मारुति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। देश का यात्री वाहन उद्योग सालाना 60 से 70 लाख इकाइयों के आंकड़े को छूने को तैयार है, ऐसे में परिचालन को स्थिर और पर्यावरण अनुकूल बनाने की जरूरत है।

मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हिसाशी ताकेयूची ने बुधवार को यह बात कही। ताकेयूची ने बुधवार को यहां वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एक्मा) के वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, ''आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बन गया है। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक यात्री वाहन बाजार का आकार सालाना 60 से 70 लाख इकाई तक पहुंच जाएगा।'' उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि परिचालन का पैमाना मौजूदा स्तर का लगभग दोगुना होगा। ताकेयूची ने कहा,

''इसलिए हमारे व्यवसायों को चीजों की समीक्षा करने की जरूरत होगी और परिचालन के ऊंचे स्तर के अनुरूप खुद को ढालना होगा। उस समय परिचालन कई स्थानों पर फैला होगा। इसके साथ ही हमें अपने परिचालन को टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की जरूरत होगी।'' उन्होंने घरेलू वाहन कलपुर्जा उद्योग से स्थानीय डिजाइन और विकास क्षमता को मजबूत करने की दिशा में काम करने और कारोबार में विविधता के लिए मौजूदा श्रमबल का कौशल बढ़ाने को भी कहा। ताकेयूची ने कहा कि वाहन कलपुर्जा क्षेत्र को अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। उन्होंने मात्रा और प्रौद्योगिकी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कुशल मानव संसाधन के महत्व को भी रेखांकित किया। ताकेयूची ने कहा, ''भारत के पास प्रतिभावान पूल है, लेकिन उन्हें उद्योग के लिए तैयार करने के लिए मूल्य श्रृंखला में सहयोग की अधिक आवश्यकता है। यहां, मैं सरकार से भी सक्रिय समर्थन का आग्रह करता हूं।''



'कारों में 6 एयरबैग के नियम को अनिवार्य नहीं करेगी सरकार'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार यात्री कारों में छह एयरबैग अनिवार्य नहीं करेगी। सरकार ने पिछले साल यात्री वाहनों में छह एयरबैग अक्टूबर, 2023 से अनिवार्य करने का प्रस्ताव रखा था। यह सुरक्षात्मक कदम सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का आंकड़ा कम करने के लिए उठाया गया था। हालांकि, वाहन कंपनियां इसके अनुपालन को अनिवार्य किए जाने के पक्ष में नहीं थीं। उनका कहना था कि छह एयरबैग को अनिवार्य करने से खासकर छोटी कारों की लागत बढ़ जाएगी।

गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए एयरबैग पर सरकार का रुख साफ करते हुए कहा, ''हम कारों के लिए छह एयरबैग का नियम अनिवार्य नहीं बनाना चाहते हैं।'' एयरबैग किसी दुर्घटना की स्थिति में यात्री को वाहन के ठोस हिस्सों से सीधी टक्कर से बचाने में अहम भूमिका निभाता है। हादसे की स्थिति में यह गुब्बारे की तरह खुलकर यात्री को सीधी टक्कर से रोकता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने पिछले साल बयान में कहा था कि मोटर वाहनों को यात्रियों के लिए सुरक्षित बनाने को सुरक्षा खासियतों को बढ़ाने का फैसला किया गया है।

हड़ताल — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

केरल मिट्टी के बर्तन निर्माता समुदाय के सदस्य बुधवार को तिरुवनंतपुरम में राज्य सचिवालय के सामने दिन-रात हड़ताल कर रहे हैं और सरकार से उनकी 21 मांगों को मंजूरी देने का आग्रह कर रहे हैं।

टेस्ला इस साल भारत से 1.9 अरब डॉलर के कलपुर्जों की खरीद करेगीः गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता टेस्ला की इस साल करीब 1.9 अरब डॉलर मूल्य के कलपुर्जों की खरीद की योजना है। पिछले साल यह एक अरब डॉलर थी। गोयल ने यहां वाहन कलपुर्जे विनिर्माताओं के संगठन (एक्मा) के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि टेस्ला की तरह अन्य इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों की तरफ से भी मांग बढ़ने वाली है जिससे इस क्षेत्र की वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा।

गोयल ने कलपुर्जा विनिर्माताओं को संबोधित करते हुए कहा, मुझे लगता है कि टेस्ला ने पिछले साल एक अरब डॉलर मूल्य के कलपुर्जे आप लोगों से ही खरीदे थे। मेरे पास उन कंपनियों की सूची है जो टेस्ला को आपूर्ति करती हैं। इस साल के लिए टेस्ला ने 1.7 अरब डॉलर से लेकर 1.9 अरब डॉलर तक की खरीद का लक्ष्य रखा है। उन्होंने भारत में निवेश की संभावनाएं तलाश

रही विदेशी कंपनियों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारतीय बाजार आकर्षक है, इसीलिए विदेशी कंपनियां यहां का रुख कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं चीन प्लस वन के सिद्धांत को पूरी तरह खारिज करता हूं। भारत इसकी वजह से आगे नहीं बढ़ रहा है। आज भारत अपने पैरों पर खड़ा है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत विदेशी कंपनियों को विनिर्माण के लिए अच्छा कारोबारी परिवेश, कौशल, प्रबंधकीय क्षमता, बड़ा बाजार और मांग मुहैया कराता है।

उन्होंने कहा, यह नियमों पर आधारित अर्थव्यवस्था है और एक युवा लोकतंत्र है। यह सब इसे निवेश के लिए एक जबर्दस्त गंतव्य बनाता है।

अमेजन वेब सर्विसेज का इसरो, इन-स्पेस के साथ करार

नई दिल्ली/भाषा। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने क्लाउड कंप्यूटिंग के जरिये अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण को समर्थन देने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और इन-स्पेस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एडब्ल्यूएस ने बुधवार को बयान में कहा कि इस समझौते का उद्देश्य अंतरिक्ष गतिविधियों से जुड़े स्टार्टअप, शोध संस्थानों और छात्रों के एडब्ल्यूएस एक्टिवेट के जरिये क्लाउड कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी तक पहुंच देना है ताकि वे अंतरिक्ष क्षेत्र में नए समाधान विकसित कर सकें।

अमेजन वेब सर्विसेज की इसरो और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के साथ यह साझेदारी इस साल अप्रैल में घोषित भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023 का अनुकरण करती है। इस नीति में अंतरिक्ष कार्यक्रम के विकास में क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा और कृत्रिम मेधा एवं मशीन लर्निंग जैसी नई प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल बढ़ाने का जिक्र है।

जम्मू कश्मीर में समाप्त नहीं हुआ है आतंकवादः फारूक अब्दुल्ला

श्रीनगर/भाषा। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद तब तक खत्म नहीं होगा जब तक कि भारत और पाकिस्तान सभी टकराव वाले मुद्दों का स्थायी समाधान निकालने के लिए बातचीत नहीं करते। अब्दुल्ला ने यहां पार्टी कार्यालय में एक बैठक के बाद 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मुठभेड़ें होती रहेंगी। यह कहना कि आतंकवाद खत्म हो गया है, गलत होगा। ये चीजें कल भी हुईं और आज भी हो रही हैं...ये तब तक होती रहेंगी जब तक दोनों देश समाधान निकालने के लिए बातचीत की मेज पर नहीं आते।''

अमेरिका से सेब, अखरोट और बादाम के आयात पर अतिरिक्त शुल्क हटाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि ऐसी चिंताएं हैं कि इस कदम से स्थानीय उपज की कीमतों में गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा, ''हमें चिंता है कि जम्मू कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में हमारा फल उद्योग प्रभावित होगा। जिन किसानों ने बहुत पैसा खर्च किया है, वे चिंतित हैं कि स्थानीय उपज की कीमतें गिर जाएंगी और उन्हें नुकसान होगा।'' उन्होंने कहा, ''मैं सरकार से इस मुद्दे पर ध्यान देने का अनुरोध करता हूं ताकि किसानों को नुकसान न हो। यदि उन्हें नुकसान होता है, तो यह देश के लिए अच्छा नहीं होगा।'' जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की समन्वय समिति की बैठक के एजेंडे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जो बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली है।

बायजू के ऋणदाताओं ने 53.3 करोड़ डॉलर हेज फंड में छिपाने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। शिक्षा प्रौद्योगिकी मंच बायजू पर उसके ऋणदाताओं ने जब्ती से बचने के लिए 53.3 करोड़ डॉलर एक अनजान हेज फंड में छिपाकर रखने का आरोप लगाया है। हालांकि, कंपनी ने इससे इनकार किया है। बायजू ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि कर्जदाताओं के साथ उसके ऋण समझौते में कोष की आवाजाही पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई गई थी।

'ब्लूमबर्ग' ने रिपोर्ट में कहा कि बायजू की अमेरिकी अनुषंगी अल्फा इंक ने अमेरिकी अदालत में जारी कार्यवाही का हवाला देते हुए वर्ष 2022 में 50 करोड़ डॉलर से अधिक राशि कैमशाफ्ट कैपिटल फंड में हस्तांतरित कर दी थी। कंपनी के कर्जदाताओं का कहना है कि यह नकदी 1.2 अरब डॉलर के कर्ज के लिए गिरवी रखी गई थी और बकाये कर्ज का भुगतान न होने पर उसने इस राशि को अपने नियंत्रण में लेने की मांग रखी है। बायजू ने नवंबर, 2021 में अमेरिका के कुछ कर्जदाताओं से 1.2 अरब डॉलर का कर्ज लिया था। जून में बायजू इस कर्ज पर चार करोड़ डॉलर के ब्याज भुगतान से चूक गई। हालांकि, बायजू ने इस लेनदेन को कर्जदाताओं के साथ हुए ऋण समझौते की शर्तों के पूरी तरह भीतर बताते हुए कहा है कि इसमें इस राशि के हस्तांतरण या निवेश पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई गई थी। भारतीय शिक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, ''किसी भी दूसरे बड़े कॉरपोरेट संगठन की तरह बायजू की इकाई अल्फा ने भी अरबों डॉलर के निवेश कोष में निवेश किया है। ऋण समझौते में आवंटित कर्ज राशि के हस्तांतरण या निवेश पर किसी तरह की रोक नहीं है। ऐसे में बायजू को जमानत के तौर पर कोई भी राशि रखने की जरूरत नहीं है।''

हरियाणा में चार हवाई पट्टियों पर विमानशाला का निर्माण किया जाएगा : दुष्यंत चौटाला

चंडीगढ़/भाषा। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य की करनाल, भिवानी, नारनौल और पिंजौर हवाई पट्टियों पर विमानशाला का निर्माण किया जाएगा। इन चार हवाई पट्टियों में से किसी से भी व्यावसायिक उड़ान का परिचालन नहीं किया जाता है। ये पट्टियां मुख्य रूप से प्रशिक्षण और हवाई खेल संबंधी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल में लाई जाती हैं। चौटाला ने सोमवार को चंडीगढ़ में हुई एक बैठक में नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों को करनाल, भिवानी और पिंजौर हवाई पट्टियों पर रखरखाव, मरम्मत एवं निरीक्षण गतिविधियां शुरू करने का निर्देश दिया।

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों से नूंह और गुरुग्राम जिले में मुंबई एक्सप्रेस-वे पर तथा जींद और कैथल जिले में दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे पर हवाई पट्टियां बनाने की व्यवहार्यता भी तलाशने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द एक योजना पेश करने का निर्देश दिया। अधिकारियों के मुताबिक, चौटाला ने यह भी कहा कि राज्य में ड्रोन उत्पादन केंद्र के निर्माण की योजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों से हिसार हवाई अड्डे पर जारी कार्यों के बारे में नियमित जानकारी देने के लिए कहा, ताकि उसका निर्माण निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जा सके।

हिमाचल संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग संसद में उठाई जाएगी : प्रियंका गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिमला/भाषा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को कहा कि पार्टी की हिमाचल प्रदेश इकाई की अध्यक्ष और मंडी से लोकसभा सदस्य प्रतिभा सिंह राज्य में भारी बारिश एवं भूस्खलन के कारण हुई तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग संसद के विशेष सत्र में उठाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस बारे में पता नहीं है कि इस विषय को सत्र के दौरान मांग उठाने की अनुमति दी जाएगी या नहीं।

संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक होगा। उन्होंने यहां समर हिल में शिव मंदिर का दौरा किया और इसके बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमें नहीं पता कि सत्र किस बारे में है और क्या उन्हें (प्रतिभा सिंह) यह मुद्दा उठाने की अनुमति दी जाएगी या नहीं। लेकिन अगर ऐसा नहीं हो पाता

है, तो हमें इस पर केंद्र के सामने एक प्रतिवदेन देना चाहिए। हम इसको लेकर पूरी ताकत लगाएंगे और केंद्र सरकार को इस बात के लिए मनाने का प्रयास करेंगे कि इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। प्रियंका गांधी ने भूस्खलन से प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की।

गत 14 अगस्त को शिव मंदिर के आसपास हुए भूस्खलन में 20 लोगों की मौत हो गई थी। शिमला शहर में भूस्खलन की तीन घटनाओं में 27 लोगों की जान चली गई थी। फागली और कृष्णानगर में भूस्खलन से क्रमशः पांच और दो लोगों की मौत हुई थी। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात परिचालन की बहाली जैसे कई मुद्दे हैं जिनका समाधान केवल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के बाद हुई तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने से राज्य में बहाली कार्यों में आसानी होगी।

अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क कम करने के सरकार के कदम की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र को राज्य में हुए नुकसान की पूरी जानकारी नहीं है और इस कदम से आयात को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय सेब उत्पादकों पर असर पड़ेगा जो पहले ही बारिश के कारण नुकसान झेल चुके हैं। उन्होंने कहा, ''इस समय कोई भी राजनीति नहीं करना चाहेगा और हर किसी को मदद के लिए आगे आना चाहिए।'' प्रियंका गांधी कुल्लू, मंडी, शिमला और सोलन जिलों के बारिश प्रभावित क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

राहुल गांधी ''अप्रासंगिक'' नेता, राष्ट्रीय स्तर पर बीआरएस कांग्रेस की विकल्पः बीआरएस नेता कविता

हैदराबाद/भाषा। कांग्रेस कार्यकारी समिति की यहां होने वाली बैठक से पहले भारत राष्ट्र समिति की नेता तथा विधान परिषद की सदस्य के कविता ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें 'अप्रासंगिक नेता' करार दिया जिनका तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर से कोई मुकाबला नहीं है।

बीआरएस पार्टी की जगतियाल में बैठक के दौरान कविता ने कहा जब बात रोजगार के अवसर प्रदान करने, प्रति व्यक्ति आय, सांप्रदायिक सद्भाव, कृषि उत्पादन, महिला विकास और निवेश आकर्षित करने की हो तो तेलंगाना की गिनती भारत के अव्वल राज्य में होती है। उन्होंने कहा, ''हाल में यहां खरगे जी (कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे) आए थे और उन्होंने कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है (तेलंगाना) तो वे पोडु भूमि के लिए पट्टे जारी करेंगे। हमने पहले ही ऐसा कर दिया है।क्या वे अद्यतन

जानकारी नहीं रखते। मैं कांग्रेस नेताओं से कहती हूं कि आपके राहुल गांधी अप्रासंगिक नेता हैं। वह केसीआर की गति का मुकाबला नहीं कर सकते।'' कविता ने दावा किया कि चूंकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रभावशाली तरीके से मुकाबला नहीं कर सकते इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर बीआरएस कांग्रेस का विकल्प बन गई है। कविता ने कहा कि वह 16 और 17 सितंबर को होने वाली सीडब्ल्यूसी की बैठक के लिए यहां आ रहे गांधी परिवार से पूछना चाहती हैं कि क्या जो वादे वे तेलंगाना में कर रहे हैं उन्हें कांग्रेस शासित राज्यों में क्रियान्वित किया है।

कांग्रेस के 'समर्थन' से सनातन धर्म पर हमले कर रही है द्रमुक : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता तमिलनाडु में एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार के 'गलत कामों' से ध्यान भटकाने और देश में शांति एवं सौहार्द को नुकसान पहुंचाने के लिए 'कांग्रेस के समर्थन' से सनातन धर्म के खिलाफ बोल रहे हैं। तमिलनाडु के लिए भाजपा के सह-प्रभारी पोंगुलेटी सुधाकर रेड्डी ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों को मिल रही सराहना के मद्देनजर द्रमुक और कांग्रेस द्वारा भाजपा के खिलाफ एक विमर्श बनाने की कोशिश की जा रही है।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के उपाध्यक्ष नारायण तिरुपति ने कहा, बिना विभाग की जिम्मेदारी वाला एक मंत्री जेल में है और यह द्रमुक के लिए एक बड़ा झटका है। द्रमुक पूरी तरह बेचैन है। यही कारण है कि वे तमिलनाडु में जनता का ध्यान अपने गलत कामों से हटाना चाहते हैं। इसलिए वे सनातन धर्म की बात कर रहे हैं, इस उम्मीद में कि उन्हें अल्पसंख्यकों का वोट मिलेगा। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में सम्मेलन में आरोप लगाया, द्रमुक और कांग्रेस सांप्रदायिक पार्टी हैं जो तमिलनाडु और देश में शांति एवं (सांप्रदायिक) सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही हैं। हम सांप्रदायिक नहीं हैं। वे सांप्रदायिक हैं। द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन ने हाल ही में कहा था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसे खत्म किया जाना चाहिए।

सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू वायरस तथा मच्छरों से होने वाले बुखार से करते हुए मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उन्हें नष्ट किया जाना चाहिए। द्रमुक के एक अन्य नेता ए. राजा ने सनातन धर्म की तुलना कुष्ठ रोग जैसी बीमारियों से की। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में मंत्री रह चुके राजा ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी नरम है।

सनातन धर्म पर टिप्पणी को लेकर उदयनिधि के खिलाफ मामला दर्ज

चेन्नई/ठाणे। महाराष्ट्र में मीरा रोड पुलिस ने सनातन धर्म पर तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी को लेकर एक व्यक्ति की शिकायत के बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता उदयनिधि ने हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में सनातन धर्म को लोगों के बीच विभाजन और भेदभाव को बढ़ावा देने के लिए दोषी ठहराया था और कहा था कि इसे खत्म किया जाना चाहिए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक स्थानीय व्यक्ति की शिकायत के आधार पर मीरा रोड पुलिस ने मंगलवार रात उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 295-ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, जिसका मकसद किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक आस्था का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करना हो) और 153-ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि स्टालिन की टिप्पणियों से सनातन धर्म का पालन करने वालों की भावनाओं और धार्मिक आस्था को ठेस पहुंची है।

भेंट — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

चेन्नई में बुधवार को विकटन ग्रुप के प्रबंध निदेशक आनन्द विकटन ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की।

तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था ध्वस्त, सितंबर से अब तक 40 हत्याएं : अन्नाद्रमुक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) ने तमिलनाडु में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए कहा कि सितंबर में अब तक 40 हत्याएं दर्ज की गई हैं, जिससे साबित होता है कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। ईपीएस ने कहा कि हाल ही में चेन्नई में एक कॉन्सर्ट के दौरान राज्य पुलिस, संगीतकार ए.आर. रहमान की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने में भी बुरी तरह विफल रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन का काफिला भी ईस्ट कोस्ट रोड पर रहमान के संगीत कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक ब्लॉक में फंस गया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मदुरै में अन्नाद्रमुक की मेगा रैली और सम्मेलन में कार्यकर्ताओं और नेताओं सहित लगभग 15 लाख पदाधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस को इसके लिए काफी पहले ही लिखित अनुरोध दिया गया था, इसके बावजूद वह सुरक्षा प्रदान करने में विफल रही।

उन्होंने कहा कि 12 सितंबर को एक अदालती मामले में भाग लेने के बाद कोयंबटूर में अपने घर लौट रहे तीन लोगों पर हथियारों से लैस एक गिरोह ने हमला किया।

उन्होंने कहा कि तीनों गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज कोयंबटूर के एक अस्पताल में किया जा रहा है। ईपीएस ने दावा किया, एआईएडीएमके के शासन के दौरान पुलिस बल स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से काम कर रहा था। मगर, वर्तमान में तमिलनाडु पुलिस सत्तारूढ़ डीएमके की इच्छाओं के अनुसार काम कर रही है।

रहमान के कार्यक्रम को लेकर विवाद के कुछ दिन बाद डीसीपी को अनिवार्य प्रतीक्षा पर रखा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। संगीतकार ए. आर. रहमान के कार्यक्रम को लेकर हुए विवाद के कुछ दिन बाद तांबरम पुलिस आयुक्तालय से संबद्ध एक वरिष्ठ अधिकारी का तबादला कर दिया गया है और उन्हें अनिवार्य प्रतीक्षा के तहत रखा गया है। रहमान के कार्यक्रम के दौरान यातायात जाम होने समेत कई विवाद हुए थे। यातायात बाधित होने के कारण मुख्यमंत्री के काफिले की आवाजाही भी प्रभावित हुई थी।

विभाग के नोट में कहा गया है कि तांबरम पुलिस आयुक्तालय से संबंध पल्लीकरनई की पुलिस उपायुक्त (कानून-व्यवस्था) एवं आईपीएस अधिकारी डॉ. दीपा सत्यन को अगले आदेश तक डीजीपी/(पुलिस बल प्रमुख) एचओपीएफ, चेन्नई के कार्यालय में अनिवार्य प्रतीक्षा के तहत रखा गया है। एक अन्य आईपीएस अधिकारी व ग्रेटर चेन्नई पुलिस की डीआइजी/संयुक्त पुलिस आयुक्त, पूर्व, कानून एवं व्यवस्था, दिशा मित्तल को भी इसी तरह की अनिवार्य प्रतीक्षा के तहत रखा गया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि बौद्धिक संपदा अधिकार प्रवर्तन प्रकोष्ठ, चेन्नई के पुलिस अधीक्षक आईपीएस अधिकारी आदर्श पचेरा का तबादला तिरुनेलवेली शहर के एसपी/डीसीपी पूर्व के रूप में किया गया है। रविवार को, यहां ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित रहमान का संगीत समारोह कुप्रबंधन के आरोपों को लेकर विवाद में घिर गया था।

कार्यक्रम के समय ईस्ट कोस्ट रोड पर यातायात जाम हो गया था। इस दौरान टिकट धारकों को कार्यक्रम स्थल में प्रवेश से रोक दिया गया था और महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे। तांबरम के पुलिस आयुक्त ए . अमलराज ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर पूछताछ की थी।

संगीत कार्यक्रम में हुए कुप्रबंधन से ए.आर रहमान का कुछ लेना-देना नहीं है, हम माफी मांगते हैं : आयोजक

चेन्नई। संगीतकार ए.आर रहमान के 10 सितंबर को यहां हुए संगीत कार्यक्रम के दौरान लोगों को हुई परेशानी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह बात कार्यक्रम के आयोजक 'एसीटीसी इवेंट्स' ने बुधवार को कही। कंपनी के संस्थापक और सीईओ हेमंत ने 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो साझा कर अपील की कि सोशल मीडिया पर रहमान को निशाना नहीं बनाया जाए, क्योंकि रविवार को लोगों को हुई परेशानी की जिम्मेदारी एसीटीसी लेता है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन लोगों को टिकट होने के बावजूद कार्यक्रम में प्रवेश नहीं मिला, उन्हें उनके टिकट का पैसा वापस किया जाएगा। हेमंत ने लोगों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगते हुए कहा, रहमान को सुनने के इच्छुक लोगों को मंत्रमुग्ध करने के लिए हमने सभी इंतजाम किए थे। उसके (परेशानियों के) लिए क्षमा करें। एसीटीसी इस मामले में जिम्मेदारी लेता है। उन्होंने कहा कि रहमान की भूमिका प्रस्तुति देने तक की थी और उन्होंने वो किया।

रहमान का 10 सितंबर को हुआ 'मराक्कुमा नेंजम' (क्या दिल भूल सकता है) कार्यक्रम कुप्रबंधन, व्यस्त ईस्ट कोस्ट रोड पर यातायात जाम, टिकट होने के बावजूद लोगों को कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश नहीं देने और महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर विवादों में है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के संग त्यौहार की उमंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

चेन्नई/मुम्बई। बहुप्रतीक्षित त्योहारी सीजन शुरू होते ही, भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने आज बीओबी के संग त्यौहार की उमंग उत्सव अभियान शुरू करने की घोषणा की, यह अभियान 31 दिसंबर, 2023 तक चलेगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के त्योहारी ऑफर में कई लाभ और रियायतों के साथ 4 नए बचत खातों का लॉन्च और होम, कार, व्यक्तिगत और शिक्षा ऋण पर आकर्षक ब्याज दर की पेशकश शामिल है। बैंक ने अपने डेबिट और क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए त्योहारी ऑफर और छूट प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा और खाद्य जैसी श्रेणियों में शीर्ष ब्रांडों के साथ भी समझौता किया है। त्योहारी अवधि के दौरान, बैंक ऑफ बड़ौदा होम लोन 8.407 प्रति वर्ष की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दर पर उपलब्ध होगा। बड़ौदा कार ऋण 8.707 प्रति वर्ष से शून्य प्रोसेसिंग शुल्क के साथ शुरू होता है। 60 आधार अंकों तक की छूट और देश में पहचाने गए प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए शिक्षा ऋण पर, बैंक ने 8.557 प्रति वर्ष से शुरू होने वाली एक विशेष दर लोन दिया जा रहा है।

बैंक ने अपने ग्राहकों के लाभ के लिए बचत खातों की एक श्रृंखला भी शुरू की है। बैंक ने बीओबी एसडीपी (सिस्टमेटिक डिपॉजिट प्लान) भी लॉन्च किया है, जो एक आवर्ती जमा योजना है। त्योहारी अवधि के दौरान, ये बचत खाते कई प्रकार के लाभ और रियायतों के साथ आते हैं।

बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और सीईओ देबदत्त चंद ने कहा, त्योहारों का मौसम आ गया है और हम पहले से ही कार की बिक्री और क्रेडिट कार्ड खर्च जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ मांग में बढ़ोतरी के शुरुआती संकेत देख रहे हैं, जो रिकॉर्ड ऊंचाई दर्ज कर रहे हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा का त्योहारी अभियान 'बीओबी के संग त्योहार की उमंग' बचत खातों, ऋण और क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर आकर्षक पेशकशों का एक समूह लेकर आया है। हमारे डिजिटल प्लेटफॉर्म की सुविधा के साथ ये आकर्षक त्योहारी ऑफर त्योहारी सीजन को शानदार बनाएंगे।

मुलाकात — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

चेन्नई में बुधवार को विदुथलाई चिरुथिगल काची के अध्यक्ष एवं सांसद थिरुमावलवन ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की।

पदयात्रा — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बुधवार को कोडाइकनाल में इनमन इनमक्कल यात्रा के तहत तमिलनाडु भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलाई को जनता काफी समर्थन मिल रहा है। अन्नामलाई द्वारा प्रदेश में चल रही पदयात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

ब्लू डार्ट एक्सप्रेस ने अपनी सर्विस 'डार्ट प्लस' का नाम बदलकर 'भारत डार्ट' किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। ऐसे समय में जब इंडिया का नाम बदलकर भारत करने पर बहस चल रही है, लॉजिस्टिक्स प्रमुख ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड ने अपनी सर्विस 'डार्ट प्लस' का नाम बदलकर 'भारत डार्ट' कर दिया है। 'भारत डार्ट' एक डिलीवरी सर्विस है। इस सर्विस को दोबारा ब्रांड बनाने का ब्लू डार्ट का निर्णय एक व्यापक खोज और अनुसंधान प्रक्रिया से उपजा है, जिसका उद्देश्य अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार करना है।

कंपनी ने भारत में टियर 2 और टियर 3 शहरों पर विशेष ध्यान देने के साथ, अपने सेवा योग्य स्थानों का महत्वपूर्ण रूप से विस्तार किया है। इन शहरों में विकास का नए मध्यम वर्ग के उदय और उपभोग की संस्कृति से गहरा संबंध है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष-23 में, समग्र ई-कॉमर्स बाजार में प्रतिशत के रूप में टियर 2 और टियर 3 शहरों की हिस्सेदारी क्रमशः 18.6 प्रतिशत और 37.1 प्रतिशत थी, इस क्षेत्र में और अधिक प्रगति करने का अनुमान है। प्रबंध निदेशक बाल्फोर मैनुअल के अनुसार, रीब्रांडिंग कंपनी के लिए एक रोमांचक परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है क्योंकि यह देश भर में सेवा जारी रखे हुए है।

संयोग से, कई साल पहले, जर्मन ऑटो प्रमुख डेमलर ने भारत में बेचे जाने वाले अपने ट्रकों को भारत बेंज के रूप में बैज किया था।

साल दर साल बेहतर हो रहा है आईएसएल : सुनील छेत्री

बेंगलूरु। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि देश में फुटबॉल की लोकप्रियता में इजाफा करने और भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रहे युवाओं को प्रेरित करने में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में अब तक उपयोगी साबित हुआ है और लीग का स्तर साल दर साल बेहतर हो रहा है।

बेंगलूरु एफसी का नेतृत्व कर रहे छेत्री ने फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार पर प्रकाश डाला और कहा कि यह भारतीय राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करता है। उन्होने इसका उदाहरण संदेश झिंगन का दिया जिन्होंने आईएसएल में खेलकर अपने स्तर में सुधार किया है। उन्होने कहा हर साल बेहतर खिलाड़ियों के आने से लीग का स्तर बेहतर होता जा रहा है। संदेश झिंगन इसका एक उदाहरण है। एक युवा खिलाड़ी के रूप में कोरो, बार्थ ओग्बेचे और मिकू जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलकर उनमें सुधार हुआ। भारतीय कप्तान के विचारों का समर्थन करते हुये हैदराबाद एफसी के डिफेंडर चिंगलेनसाना सिंह ने कहा कि विदेशी खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण ने भारतीय खिलाड़ियों को बेहतर बनाया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आईएसएल ने पिछले 10 वर्षों में शानदार काम किया है। आईएसएल अस्तित्व में आया, तो कई विदेशी खिलाड़ी आए और भारतीय खिलाड़ियों ने बड़े पैमाने पर विकास किया। हम जिन खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं, उनकी गुणवत्ता घरेलू खिलाड़ियों को ईमानदारी से मदद करती है और आप राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों का परिणाम देख सकते हैं।

बेंगलूरु एफसी के मुख्य कोच साइमन ग्रेसन ने कहा अगर आप सोचते हैं कि आप खिताब नहीं जीत सकते तो टूर्नामेंट में जाने का कोई मतलब नहीं है।

निपाह का प्रकोप : तमिलनाडु-केरल सीमा पर स्वास्थ्य अलर्ट जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस से हुई मौतों के बाद तमिलनाडु के सार्वजनिक स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा निदेशालय ने सीमावर्ती इलाकों में अलर्ट जारी किया है। तमिलनाडु सरकार के सार्वजनिक स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा निदेशक डॉ. टीएस. सेल्वनिवायगम ने एक बयान में कहा, केरल से सामने आए निपाह वायरस के दो मामलों के मद्देनजर, हम स्वास्थ्य टीमों द्वारा सीमा चौकियों पर केरल से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग करेंगे। केरल के साथ सीमा साझा करने वाले तमिलनाडु के छह जिलों में चौबीस घंटों के लिए एक अलग टीम तैनात की है।'' उन छह जिलों में नीलगिरी, कोयंबटूर, तिरुपुर, थेनी, तेनकासी और कन्याकुमारी हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के उप निदेशकों को आवश्यक सुरक्षात्मक उपकरणों के साथ सीमाओं पर सभी लक्षण वाले बुखार के मामलों की जांच करने का निर्देश दिया गया है।

तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने नीलगिरि जिले के गुडलूर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि लोगों को केरल में निपाह के प्रकोप से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मंत्री ने यह भी कहा कि जिन लोगों में बुखार के लक्षण होंगे उनकी स्क्रीनिंग की जाएगी।

राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप रामेश्वरम में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रामेश्वरम। देश भर के 80 से अधिक स्टैंड-अप पैडलर्स 14 और 15 सितंबर को पाल्कबे राष्ट्रीय स्टैंड-अप नौकायन चैंपियनशिप 2023 में हिस्सा लेंगे। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में खेली जाने वाली चैंपियनशिप में गत चैंपियन और शीर्ष भारतीय स्टैंड-अप पैडलर्स शेखर पचाई, मोनिका पुगझारसु और गायत्री जुवेकर भी रामेश्वरम के प्राचीन पिरप्पनवलसाई समुद्र तट पर एक्शन में दिखाई देंगे।

पल्कबे नेशनल स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और ग्रोम्स (यू16) श्रेणियों के प्रतियोगी स्प्रिंट (200 मीटर), तकनीकी (2 किमी) और दूरी (12 किमी) स्पर्धा में भाग लेंगे। स्प्रिंट वर्ग में अपनी पैडल ताकत और गति का परीक्षण करने के लिए गैर-रैंकिंग एथलीटों के लिए एक खुली श्रेणी की दौड़ भी होगी। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जेहान ड्राइवर ने कहा पल्कबे एसयूपी चैलेंज का उद्देश्य स्टैंड-अप पैडलिंग के रोमांचक खेल को बढ़ावा देना था। हमें खुशी है कि कम समय में हमने इतना आकर्षण इकट्ठा कर लिया है कि दूसरे संस्करण में लड़ने के लिए नए चेहरे तैयार हो रहे हैं। निस्संदेह यह खेल विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाला जल खेल है। देश भर से हमारे प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए इसका प्रभाव भारत में भी दिखाई दे रहा है। पल्कबे नेशनल स्टैंड-अप पैडलिंग चैम्पियनशिप पेशेवर रूप से अंतर्राष्ट्रीय सर्फिंग एसोसिएशन के नियमों के अनुसार आयोजित की जाती है।

आशीर्वाद — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में बुधवार को विधायक एस थंगापांडियन के बेटे की शादी में शामिल हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन एवं अन्य मंत्री गण। स्टालिन ने नवदम्पत्ति को आशीर्वाद दिया।

भरतपुर में बस हादसे में 12 यात्रियों की मौत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक जताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर जिले में बुधवार तड़के हुए एक बस हादसे में इसमें सवार 12 यात्रियों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हुए। पुलिस ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर शोक जताया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। पुलिस के अनुसार भरतपुर जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के यह हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रक ने एक बस को पीछे से टक्कर मार दी। बस में सवार गुजरात के 12 यात्रियों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए।

लखनपुर के थानाधिकारी रामावतार ने बताया कि बस गुजरात के यात्रियों को उत्तर प्रदेश के मथुरा ले जा रही थी, तभी वह तड़के करीब साढ़े चार बजे राजस्थान के भरतपुर के लखनपुर थाना क्षेत्र के हंतरा पुलिया पर हादसे का शिकार हो गई। उन्होंने बताया कि बस फ्लाईओवर पर रुकी थी, तभी तेज गति के एक 10 चक्का ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में बस में सवार पांच पुरुष और छह महिला यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड दिया, जिसके बाद हादसे में मरने वालों की संख्या 12 हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11 घायलों में से चार गंभीर घायलों को जयपुर भेजा गया है, वहीं एक घायल को परिजन सैनिक अस्पताल ले गये। वहीं एक अन्य घायल को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार, मृतकों की पहचान अंतू, नंदराम, लल्लू, भरत, लालजी, उसकी पत्नी मधुबेन, अंबाबेन, कंबुबेन, रामूबेन, अंजूबेन और अरविंद नामक यात्री की पत्नी मधुबेन के रूप में हुई है। अस्पताल में उपचाराधीन कल्लू बेन (60) की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक गुजरात के भावनगर जिले के दिहोर के रहने वाले थे। राष्ट्रपति ने हादसे पर दुख प्रकट किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुर्मू के हवाले से राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, गुजरात से उत्तर प्रदेश जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस के राजस्थान के भरतपुर जिले में दुर्घटनाग्रस्त होने और अनेक यात्रियों की मृत्यु के समाचार से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। राष्ट्रपति ने कहा, शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूँ।'

वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की मंजूरी दी है। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र व मुख्यमंत्री ने भी हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

गहलोत ने जताया दुख

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भरतपुर में गुजरात से धार्मिक यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की बस से ट्रैलर के टकरा जाने से 11 लोगों की मौत हो जाने पर गहरा दुख जताया है। गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि हादसे में ग्यारह श्रद्धालुओं की मृत्यु अत्यंत दुखद है। पुलिस-प्रशासन मौके पर है एवं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने ईश्वर से सभी दिवंगतजनों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना की। उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भी इस हादसे पर दुख व्यक्त किया।

पायलट ने इस भीषण सड़क हादसे को दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं जताई और ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसी तरह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी इस हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि इसमें 11 श्रद्धालुओं की मृत्यु की ख़बर अत्यंत दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से दिवगंतों की आत्मा को शांति एवं दुर्घटना में घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की प्रार्थना की।।

कैलाश मेघवाल ने आरोप दोहराते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम को हटाने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप दोहराते हुए राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने प्रधानमंत्री से उनके खिलाफ विचाराधीन मामलों में फैसला आने उन्हें मंत्री पद से हटाने की मांग की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठतम विधायकों में शुमार कैलाश मेघवाल ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि केंद्रीय मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद पार्टी की ओर से उन्हें 'अनुशासनात्मक कार्रवाई' का नोटिस जारी किया गया है।

उन्होंने कहा कि इसका जवाब उन्होंने 12 सितंबर को प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया है, इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्रीय मंत्री पर सात आरोप लगाए हैं। कैलाश मेघवाल ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री जी को लिखा है कि न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों का फैसला नहीं हो जाता तब तक उनको (अर्जुनराम मेघवाल को) मंत्री पद से हटाया जाए। मैं उम्मीद करता हूं कि प्रधानमंत्री जी सही निर्णय लेंगे।

उन्होंने कहा, मैं निर्वाचन आयोग को इस बारे में लिखूंगा कि इनकी लोकसभा सदस्यता खारिज की जाए और खारिज करने के पर्याप्त आधार हैं। अदालत के कई निर्णय हैं इस तरह के... मैं लिखूंगा और इनके ऊपर (2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में) झूठा हलफनामा देने का आरोप है... मैं लगा रहा हूं ...उस पर भी कार्रवाई की जाए। मैंने प्रधानमंत्री से यह उम्मीद की है। मैंने विस्तार से प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है।' शाहपुरा (भीलवाड़ा) से विधायक कैलाश मेघवाल ने मंत्री मेघवाल को 'भ्रष्ट नंबर एक' बताते हुए 28 अगस्त को कहा था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उन्हें मंत्रिपरिषद से हटाने की मांग करेंगे।

एक सवाल के जवाब में कैलाश ने कहा, यह चुनावी स्टंट नहीं है। जब इनको कानून मंत्री बनाया गया तब मैं चेता और चेतने का एक कारण और था कि एक भ्रष्ट व्यक्ति कानून मंत्री बने यह देश के लिए उचित नहीं है। इसलिए मैंने इनके खिलाफ सामग्री एकत्रित करना शुरू कर दिया।

पार्टी में अपनी अनदेखी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, 'मैं कभी इस पार्टी में हीरो था और आज मैं जीरो हूं। चार परिवर्तन यात्राओं में कहीं एक भी जगह आप मुझे देख रहे हो। इसका एक ही कारण है कि अर्जुनराम मेघवाल जी को ज्यादा प्रोत्साहन दे रहे हैं और उन्हें भाजपा में अनुसूचित जाति के नेता के रूप में आगे ला रहे हैं। उन्होंने केहा, मुझे एक बात का अफसोस है कि मेरी पार्टी के लोग महिमामंडन करने के लिए अर्जुनराम की तुलना डॉ आंबेडकर से कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं राजनीति में सक्रिय रहूंगा, छोडूंगा नहीं।'

'अनुशासनहीनता' के आरोप में कैलाश मेघवाल निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप दोहराते हुए उन्हें मंत्री पद से हटाने की मांग करने वाले भारतीय जनता पार्टी के विधायक एवं राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश मेघवाल को 'अनुशासनहीनता' के आरोप में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। भाजपा की प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बताया, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने शाहपुरा से हमारे विधायक कैलाश मेघवाल को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित करने का आदेश दिया है। लखावत ने कहा कि कैलाश को अनुशासन भंग करने के लिये कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और इन्हीं आरोपों में उन्हें पार्टी से निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि कैलाश मेघवाल के इस पूरे प्रकरण को पार्टी की प्रदेश अनुशासन समिति को आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया है। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठतम विधायकों में शुमार कैलाश मेघवाल ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्रीय मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद पार्टी की ओर से उन्हें 'अनुशासनात्मक कार्रवाई' का नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि इसका जवाब उन्होंने 12 सितंबर को प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया है, इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्रीय मंत्री पर सात आरोप लगाए और उन्हें मंत्री पद से हटाने की मांग की।

गहलोत ने कोटा में सिटी पार्क का किया लोकार्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को यहां झालावाड़ रोड स्थित सिटी ऑक्सीजोन पार्क का लोकार्पण किया। गहलोत सुबह करीब पौने ग्यारह बजे बजे हैलीकॉप्टर से कोटा हवाई अड्डा पहुंचने पर सीधे सिटी ऑक्सीजोन पार्क में गए और इसका लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने की जबकि लोकार्पण के मौके पर विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी , शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला, राजस्व मंत्री राम लाल जाट, खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित गहलोत सरकार के कई मंत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विभिन्न निगमों, बॉर्ड़ो के अध्यक्ष, विधायक एवं कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे।

इसके बाद में गहलोत ने अपने मंत्रिमंडल के हयोगियों एवं अधिकारियों सहित ऑक्सीजोन सिटी पार्क का भ्रमण किया और निर्माण कार्या का अवलोकन करते हुए उनकी प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि गहलोत को मंगलवार को चंबल रिवर फ्रंट लोकार्पण कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेना था लेकिन वह अपरिहार्य कारणों से नहीं पहुंच पाये। कोटा विकास न्यास ने शहर की घनी आबादी क्षेत्र के बीच में लगभग 30 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ऑक्सीजन सिटी पार्क का विकास किया है जिसमें करीब 85 प्रतिशत हिस्सा हरियाली के साथ प्राकृतिक रूप में विकसित गया है जिससे वातावरण को शुद्ध करने में मदद मिलेगी। इस पार्क को यहां विकसित करने का मुख्य उद्देश्य कोटा में आने वाले कोचिंग के छात्रों को तनाव मुक्त माहौल उपलब्ध कराना भी है क्योंकि जिस स्थान पर यह ऑक्सीजोन सिटी पार्क का विकास किया गया है, कोटा के अधिकतर कोचिंग संस्थानों, हॉस्टलों आसपास ही है।

ऑक्सीजोन सिटी पार्क विकास का काम वर्ष 2020 में 17 फरवरी को शुरू किया गया था जिसे लगभग तीन साल बाद 30 मार्च 2023 को पूरा किया गया जिस पर कुल लागत करीब 120 करोड रुपए आई है। कोटा नगर विकास न्यास के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस पार्क में दोनों ओर प्रवेश के लिए द्वार बनाए गए हैं जिन्हें आकर्षित स्वरूप देने के लिए दो विशाल फ़व्वारों का वहां निर्माण किया गया है। पार्क में एक पक्षीशाला की स्थापना की गई है जिसमें लगभग 200 देसी-विदेशी प्रजातियों के पक्षियों को रखा गया है। पार्क में एक पहाड़ी बनाई गई है जो एक दर्शनीय स्थल है। ऑक्सीजोन सिटी पार्क के बीच में 120 मीटर लंबी एवं 12 से 15 मीटर चौड़ाई में नहर का निर्माण किया गया है ताकि उसके दोनों किनारों पर लोग पैदल यात्रा कर सकते हैं।

ऑक्सीजोन सिटी पार्क के बीच में इंटरनल गार्डन में 12 गुणा 12 मीटर एंव 9 मीटर ऊंचा इनवर्टेड पिरामिड का निर्माण किया गया है जिस पर 3डी प्रोजेक्शन स्थापित की जाएगी। पार्क में 15 मीटर ऊंची गनमेटल से प्रतिमाएं बनाई गई जो नॉलेज फ्रीडम, सेव द अर्थ जैसे अलग-अलग ही संदेश देते हुए नजर आती है।

ऑक्सीजोन सिटी पार्क में 13 गुणा 18 मीटर का एक ग्लास हाउस का निर्माण किया गया है। पार्क में 10 मीटर की ऊंचाई पर 45 गुणा 40 मीटर का पॉण्ड़ बनाया गया है। इस पॉण्ड़ में से 320 मीटर लंबा एक झरना पेड़-पौधों के बीच में से अपने जल प्रवाह के साथ आगे बढ़कर नहर में मिलता है जिसके कारण उत्पन्न प्राकृतिक सौंदर्य का नैसर्गिक नजारा उत्पन्न हो जाता है। पूरे पार्क में लगभग 4 किलोमीटर लंबा ट्रैक एवं 1.25 किलोमीटर नहर के सहारे जोगिंग के लिए कच्चे ट्रैक बनाए गए हैं। नहर के ऊपर दो स्टोनब्रिज, एक वुड़न ब्रिज और एक रैंप ब्रिज का निर्माण किया गया है।

इसके अलावा यहां आने वाले लोगों और बच्चों के मनोरंजन और खाने-पीने के लिए फूड जोन, कैफ़ेटेरिया, सिटी बाजार, एमपी थिएटर आदि का निर्माण किया गया है। ओपन जिम भी यहां स्थापित की गई है। इस ऑक्सीजन सिटी पार्क में हरियाली के लिए लगभग दो लाख शर्बस ग्राउंड कवर सीजनल फ्लावर आदि लगाकर बॉटनिकल गार्डन,शर्बस गार्डन के रूप में विकास किया गया है।

स्वागत

रतनगढ़ चूरू में बुधवार को परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी।

कोटा में मेडिकल की कोचिंग करने वाली रांची की छात्रा ने की खुदकुशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा । राजस्थान में छात्रों के आत्महत्या के मामले थम नहीं रहे है। मंगलवार को कोटा में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 16 वर्षीय एक लड़की ने फांसी लगा ली। इससे इस साल राज्य में आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। विज्ञान नगर थाने के एएसआई अमर कुमार के मुताबिक मूल रूप से झारखंड के रांची की रहने वाली ऋचा सिन्हा (16) कोटा के इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स स्थित एक हॉस्टल में रहकर एक कोचिंग सेंटर से नीट की तैयारी कर रही थी।

उसने पांच महीने पहले ही हॉस्टल में दाखिला लिया था। मंगलवार देर रात पुलिस को तलवंडी के एक निजी अस्पताल से सूचना मिली कि एक छात्रा ने फांसी लगा ली है। लड़की को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जानकारी में पता चला है कि छात्रा देर शाम से अपने कमरे से बाहर नहीं निकली थी। जब साथी छात्र उसे बुलाने की कोशिश कर रहे थे तो उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने इसके बारे में हॉस्टल संचालक को सूचना दी। कमरे का दरवाजा तोड़ गया, जहां लड़की को फांसी पर लटका हुआ पाया। पुलिस ने कहा कि परिवार को सूचित कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

छात्रा मई में कोटा आई थी। वह एक साथी के साथ छात्रावास का कमरा साझा कर रहा थी। वार्डन अर्चना ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे एक अन्य छात्रा के पिता का फोन आया और वह बात करने के लिए बालकनी में आ गईं। उसे घटना की जानकारी तब हुई जब एक अन्य छात्रा ने शोर मचाया। इसके बाद हॉस्टल वार्डन और छात्रों ने दरवाजा तोड़ा और लड़की को अस्पताल पहुंचाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोनू मानेसर दो दिन की पुलिस रिमांड पर

जयपुर। राजस्थान पुलिस नासिर-जुनैद हत्याकांड में साजिश रचने के आरोपी मोनू मानेसर को हरियाणा से 'ट्रांजिट रिमांड' पर लेकर मंगलवार शाम भरतपुर पहुंची और उसे अदालत में पेश किया। अदालत ने मोनू मानेसर को दो दिन की पुलिस रिमांड में सौंप दिया। डीग के पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बुधवार को बताया मोनू मानेसर को अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे दो दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है।

हरियाणा पुलिस ने मोनू मानेसर को मंगलवार को गिरफ्तार किया था। उसने बताया था कि मोनू मानेसर के पास से एक पिस्तौल, तीन कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नूंह की एक अदालत से 'ट्रांजिट रिमांड' मिलने के बाद राजस्थान पुलिस उसे भरतपुर ले गई। हरियाणा की नूंह पुलिस ने उसे कथित तौर पर गुरुग्राम के मानेसर से गिरफ्तार किया था। मोनू मानेसर पर हरियाणा के नूंह से सटे राजस्थान के डीग जिले (पूर्व में भरतपुर जिला) के घाटमीका गांव के दो लोगों को गो-तस्कर बताकर उनके अपहरण व हत्या की साजिश रचने में शामिल होने का आरोप है।

पायलट एवं गहलोत में मनमुटाव कम होने से जा रहा है अच्छा संदेश : ढिल्लो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पंजाब प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शमशेर सिंह ढुल्लो ने कहा है कि राजस्थान प्रदेश में मुख्यमंत्री गहलोत तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के मन मुटाव कम होने से इसे राज्य की जनता में अच्छा संदेश जा रहा है। विधानसभा चुनाव के लिए अजमेर जिले के उम्मीदवार चयन समन्वयक ढुल्लो आज यहां सर्किट हाऊस में अजमेर शहर की उत्तर एवं दक्षिण विधानसभा सीट तथा पुष्कर, नसीराबाद, केकड़ी ,किशनगढ़, मसूदा, भिनाय विधानसभा क्षेत्रों के टिकट दावेदारों से वन टू वन मुलाकात एवं फीडबैक लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री की लोकप्रियता, उनकी जनकल्याणकारी योजनाएं ही राजस्थान में कांग्रेस की जीत का आधार होगी।

टिकिट के सवाल पर उन्होंने कहा कि टिकिट मांगना सबका अधिकार है लेकिन कौन लोकप्रिय है , किसका जनाधार है और किसकी जनता तक उनकी समस्याओं तक पकड़ है। ये समझने के बाद ही हाईकमान टिकट तय करेगा। उन्होंने बताया कि सभी से फीडबैक लिया गया है और मैं अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंप दूंगा, वही से टिकिट तय होंगे। उन्होंने चुनावों को ..चैंलेंज.. बताते हुए कहा कि अजमेर में 20 साल से हार के रेकॉर्ड को तोड़ना है। अजमेर उत्तर और अजमेर दक्षिण को कैसे तोड़कर कांग्रेस के पक्ष में लाया जाये, ये चुनौती है। मुख्यमंत्री के चेहरे के सवाल पर ढुल्लो ने स्पष्ट कहा कि यह सवाल अभी नहीं क्योंकि इसका फैसला आगे चलकर कांग्रेस आलाकमान को लेना है।

राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। वहीं विभाग ने प्रदेश के कई संभागों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने और कोटा एवं उदयपुर संभाग के कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना जताई है। जयपुर मौसम के प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके अगले 24 घंटों में और तीव्र होने तथा आगामी दो-तीन दिनों के दौरान ओड़िशा एवं छत्तीसगढ़ की ओर आगे बढ़ने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि मानसून ट्रफ लाइन आज बीकानेर से होकर कम दबाव के क्षेत्र तक विस्तृत है। पूर्वी राजस्थान के कोटा, उदयपुर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर संभाग के कुछ भागों में आगामी 2-3 दिनों के दौरान मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 15-16-17 सितंबर के दौरान बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर एवं जोधपुर संभाग के जिलों में भी आगामी 5-6 दिनों के दौरान दोपहर बाद कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम बारिश होने की संभावना है। विभाग के अनुसार बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे तक बारां के छबड़ा में 6 सेंटीमीटर, अटरू में 6 सेंटीमीटर, चित्तौड़गढ़ के भैंसरोडगढ़ में 5 सेंटीमीटर, अजमेर के जियोला में 5 सेंटीमीटर, भीलवाड़ा के बिजोलिया में 4 सेंटीमीटर, बारां में 3 सेंटीमीटर, झालावाड़ के झालरापाटन में 3 सेंटीमीटर, अकलेरा में 3 सेंटीमीटर, कोटा के सांगोद में 3, टोंक के देवली में 3 सेंटीमीटर, अजमेर के सरवाड़ में 3 सेंटीमीटर, और अन्य अनेक स्थानों पर 2 सेंटीमीटर से 1 सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई।

विभाग के अनुसार मंगलवार को राज्य के पश्चिमी हिस्सों के फलौदी में अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 39.8 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर-श्रीगंगानगर में 39.4-39.4 डिग्री सेल्सियस , सीकर में 39.1 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 39 डिग्री सेल्सियस, और अन्य स्थानों पर 37.5 डिग्री सेल्सियस से 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रात का तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 29.1 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया।

झारखंड की पहली इंटरसिटी एक्सप्रेस में विस्टाडोम डिब्बा जोड़ा गया

रांची/भाषा। झारखंड की पहली इंटरसिटी एक्सप्रेस का बुधवार से नियमित परिचालन शुरू हो गया, जिसमें विस्टाडोम डिब्बा भी जोड़ा गया है। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मंगलवार को न्यू गिरिडीह स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रांची-न्यू गिरिडीह-रांची एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अधिकारी ने कहा कि इसमें एक विस्टाडोम डिब्बा है, जिसमें यात्री क्षेत्र की पहाड़ियों और जंगलों का मनोरम दृश्य देख सकेंगे। पूर्व मध्य रेलवे द्वारा संचालित यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह छह बजकर पांच मिनट पर रांची से प्रस्थान करेगी और दोपहर एक बजे न्यू गिरिडीह पहुंचेगी। वहां से दोपहर दो बजे रवाना होगी और रात साढ़े नौ बजे रांची पहुंचेगी।

अधिकारी ने कहा कि रामगढ़ के सिधवार और रांची के सांकी के बीच भूस्खलन के कारण इंटरसिटी एक्सप्रेस अपने निर्धारित बरकाकाना-मेसरा-टाटीसिलवे मार्ग के बजाय कुछ समय के लिए बरकाकाना, मुरी और टाटीसिलवे के रास्ते चलेगी। विस्टाडोम डिब्बे में 360 डिग्री घूमने योग्य शानदार कुर्सियां, बड़ी खिड़कियां, शीशे वाली छतें और वाईफाई समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध होती हैं।

नई दिल्ली घोषणापत्र बहुपक्षवाद का चैंपियन बनने की भारत की अपार क्षमता को दर्शाता है: अमिताभ कांत

नई दिल्ली/भाषा। भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि नेताओं द्वारा अंगीकार किए गए 'नई दिल्ली जी20 घोषणापत्र' ने बहुपक्षवाद का चैंपियन बनने और वैश्विक विकासात्मक मुद्दों तथा रूस-यूक्रेन संकट जैसे संघर्षों पर दुनिया को एक साथ लाने की भारत की अपार क्षमता को प्रदर्शित किया है। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरित विकास समझौता घोषणा पत्र का एक प्रमुख हिस्सा है और यह भारतीय मोटर वाहन और कलपुर्जा क्षेत्र को पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था में विश्व का अग्रणी देश बनने का एक बड़ा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा, ''नई दिल्ली के नेताओं का जो घोषणापत्र सामने आया है, वह बहुत ही समावेशी और महत्वाकांक्षी है। इसमें कुल 83 पैरा हैं। यह पहली बार है कि सभी 83 पैरा में 100 प्रतिशत आम सहमति है।'' उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र में कुछ भी ऐसा नहीं है, जिसपर किसी को आपत्ति हो। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संकट पर आठ पैरा सहित सभी 83 पैरा आम सहमति से स्वीकार किए गए हैं। कांत ने कहा, ''इसने बहुपक्षवाद का चैंपियन बनने की भारत की अपार क्षमता और विकासशील देशों, सभी उभरते बाजारों, विकसित दुनिया, जी7, रूस, चीन को एक साथ लाने और सभी विकासात्मक मुद्दों के साथ-साथ वैश्विक संघर्ष के मुद्दों (रूस-यूक्रेन) पर आम सहमति बनाने की इसकी शानदार क्षमता को प्रदर्शित किया है।''

अडाणी मामले में जेपीसी की घोषणा के साथ हो नए संसद भवन में कामकाज का आगाज : कांग्रेस

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस ने अडाणी समूह के खिलाफ लगे आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग बुधवार को फिर उठाई और कहा कि अगर सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो जेपीसी के गठन की घोषणा के साथ संसद के नए भवन में कामकाज का आगाज होना चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का हवाला भी दिया जिसमें कहा गया है कि अडाणी समूह से संबंधित एक पूर्व कांट्रैक्टर ने उच्चतम न्यायालय से इस समूह से संबंधित मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया है।

अमेरिकी कंपनी 'हिंडनबर्ग रिसर्च' द्वारा अडाणी समूह के खिलाफ 'अनियमितताओं' और स्टॉक मूल्य में हेरफेर का आरोप लगए जाने के बाद से कांग्रेस इस कारोबारी समूह पर निरंतर हमले और जेपीसी से जांच की मांग कर रही है। अडाणी समूह ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया था और उसका कहना था कि उसकी ओर से कोई गलत काम नहीं किया गया है।

रमेश ने बुधवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कुछ दिन पहले अडाणी महाघोटाले की सही ढंग से जांच करने में सेबी की विफलता पर विस्तृत दस्तावेज के साथ उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई। अब अडाणी से संबंधित एक पूर्व कांट्रैक्टर करोड़ों निवेशकों के हित में इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए उच्चतम न्यायालय से अनुमति चाहता है।

'भ्रष्ट, नीतिगत पंगुता से ग्रस्त संप्रग शासन को बेनकाब करने के लिए धन्यवाद शाहरुख'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की नई फिल्म 'जवान' का हवाला देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा और दावा किया कि इस फिल्म ने कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के 10 साल के 'भ्रष्ट और नीतिगत पंगुता से ग्रस्त' शासन को बेनकाब किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने नौ सालों में केंद्र सरकार की उपलब्धियों के साथ फिल्म का एक पोस्टर साझा करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''हमें जवान फिल्म के माध्यम से 2004 से 2014 तक भ्रष्ट, नीतिगत पंगुता से ग्रस्त कांग्रेस शासन को बेनकाब करने के लिए शाहरुख खान को धन्यवाद देना चाहिए।'' उन्होंने दावा किया कि यह फिल्म सभी दर्शकों को संप्रग सरकार के दौरान हुए 'दुखद राजनीतिक अतीत' की याद दिलाती है। 'जवान' एक पिता-पुत्र की कहानी है और शाहरुख दोहरी भूमिका में हैं। एक सैनिक, एक रोमांटिक हीरो और एक रॉबिन हुड जैसे व्यक्ति की भूमिका में शाहरुख को इस फिल्म में राजनेताओं और व्यापारियों के गठजोड़ का मुकाबला करते देखा जा सकता है।

फिल्म में सरकारी उदासीनता, भ्रष्टाचार, किसानों की आत्महत्या, ऑक्सीजन की कमी के कारण अस्पताल में बच्चों की मौत, सेना के दोषपूर्ण हथियार और आवासीय क्षेत्रों के पास खतरनाक कारखानों जैसे मुद्दों को भी छुआ गया है। प्रमुख दृश्यों में से एक में, अभिनेता आम लोगों से समझदारी से मतदान करने का भी आग्रह करता है। भाटिया ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस को निशाना बनाने के लिए राष्ट्रमंडल खेल, 2जी और कोयला घोटाला गिनाया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का 'साफ रिकॉर्ड' रहा है और पिछले साढ़े नौ साल में कोई घोटाला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पारदर्शिता और ईमानदारी बरकरार रखी है। भाजपा नेता ने कहा कि सरकार ने 2.3 लाख बुलेटप्रूफ जैकेट प्रदान किए, वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना के माध्यम से 1.2 लाख करोड़ रुपये वितरित किए और सशस्त्र बलों को राफेल, अपाचे और चिनूक के साथ अपग्रेड किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान गांधी परिवार ने सैनिकों के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट की जगह वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों को प्राथमिकता दी थी।

राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर भाटिया ने कहा कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने पुलवामा हमले का 'निर्णायक और तेजी से' जवाब दिया और बालाकोट हवाई हमले किए। उन्होंने आरोप लगाया कि संप्रग सरकार ने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद सर्जिकल स्ट्राइक के पूर्व एयर चीफ मार्शल फली होमी मेजर के अनुरोध को खारिज कर दिया था।



मैंने राजनीति नहीं छोड़ी है, मैं अगला चुनाव भी लड़ूंगी : उमा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सागर/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेज-तर्रार नेता एवं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि लोग भले ही कुछ भी कहें, लेकिन उन्होंने राजनीति नहीं छोड़ी है और वह अगला चुनाव लड़ेंगी।

केंद्रीय मंत्री रह चुकी भारती ने यह बात सोमवार को बुंदेलखंड क्षेत्र के सागर जिले में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा, ''मैंने 2019 का (लोकसभा) चुनाव लड़ने से इसलिए इनकार कर दिया था, क्योंकि मैं लंबे समय से काम कर रही थी। मैंने पांच साल का ब्रेक लेने की सोची। लोगों को लगा कि मैंने राजनीति छोड़ दी है, लेकिन मैं यह कहते-कहते थक गई हूं कि मैंने राजनीति नहीं छोड़ी है।'' भारती ने कहा, ''मैं चाहे 75 साल की हो जाऊं या 85 साल की, राजनीति की दुनिया में सक्रिय रहूंगी और अगला चुनाव लड़ूंगी। मुझे राजनीति बहुत पसंद है।'' केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना और ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन समेत कई बड़ी विकास परियोजनाओं का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि वह राजनीति में थीं, इसलिए ये परियोजनाएं हकीकत बन सकीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''मेरा जीवन धन्य हो गया, क्योंकि मैंने राजनीति को ही भगवत प्राप्ति का माध्यम समझा। मैं राजनीति कभी नहीं छोड़ूंगी। जब तक लोगों की जरूरतें बनी रहेंगी, उन्हें पूरा करने के लिए राजनीती करती रहूंगी।''

भाजपा ने विपक्षी गठबंधन की समन्वय समिति को 'हिंदू विरोधी समन्वय समिति' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेताओं की ओर से की जा रही सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियों के मद्देनजर विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' यानी 'इंडिया' की समन्वय समिति को 'हिंदू विरोधी समन्वय समिति' करार दिया।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने इस मुद्दे को लेकर सोनिया गांधी पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि उन्होंने मशहूर रहस्यमयी किताब 'मर्डर, शी रोट' की तर्ज पर एक किताब: 'मर्डर ऑफ हिंदुइज्म, शी रोट' लिखी है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन की आज होने वाली बैठक को लेकर चुटकी लेते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'इंडिया' समूह के सदस्यों के बीच असहयोग दिखाई दे रहा है। पात्रा ने बैठक से पहले आरोप लगाया, ''वे (विपक्षी दल) चर्चा करेंगे कि हिंदू धर्म को कैसे खत्म किया जाए।'' इसलिए शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि गोधरा जैसी घटना फिर से हो सकती है जबकि राहुल गांधी ने पूर्व में हिंदुत्व पर हमला करने के लिए इस्लामिक आतंकवादी समूह 'मुस्लिम ब्रदरहुड' का हवाला दिया था। सोनिया गांधी के ईसाई नाम का हवाला देते हुए पात्रा ने आरोप लगाया कि हिंदू धर्म को निशाना बनाने की साजिश के पीछे उनका हाथ है।

सीमा विवाद विभिन्न तरीकों से सुलझाये जा रहे हैं: असम के मंत्री बोरा

गुवाहाटी/भाषा। असम के सीमा सुरक्षा एवं विकास मंत्री अतुल बोरा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि राज्य के 82,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र पर उसके चार पड़ोसी राज्यों ने अतिक्रमण किया है। बोरा ने कहा कि सीमा विवादों को पड़ोसी राज्यों के साथ बातचीत और कानूनी उपायों के माध्यम से सुलझाया जा रहा है।

कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ के एक सवाल का जवाब देते हुए बोरा ने दावा किया कि असम की 59,490.210 हेक्टेयर भूमि पर नगालैंड का कब्जा है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश ने 16,144.00117 हेक्टेयर, मेघालय ने 3,441.8601 हेक्टेयर और मिजोरम ने 3,675.7800 हेक्टेयर क्षेत्र पर अतिक्रमण किया हुआ है। विवादों के समाधान के संबंध में बोरा ने कहा कि मिजोरम के साथ विभिन्न स्तरों पर बातचीत चल रही है, जबकि नगालैंड से संबंधित मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। कांग्रेस के देबब्रत सैकिया के एक अन्य सवाल के जवाब में, बोरा ने कहा कि मेघालय और अरुणाचल प्रदेश के साथ सीमा विवादों को केंद्रीय गृह मंत्रालय के सुझाव से गठित क्षेत्रीय समितियों के माध्यम से सुलझाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के मामले में, अरुणाचल प्रदेश के दावे वाले 123 गांवों के विवाद के निस्तारण के लिए इस साल 20 अप्रैल को दोनों राज्यों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

कांग्रेस का शर्मा की पत्नी की कंपनी को 10 करोड़ रुपये की सब्सिडी मिलने का आरोप, मुख्यमंत्री का इनकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी के स्वामित्व वाली कंपनी को केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत 10 करोड़ रुपये की सब्सिडी मिली, जबकि संबंधित कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक यह मीडिया क्षेत्र में काम करती है।

मुख्य विपक्षी दल ने कुछ कागजात जारी करते हुए यह दावा भी किया कि वर्ष 2021 में शर्मा के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी पत्नी रिंकी भुइंया शर्मा की कंपनी ने असम के नौगांव में 50 बीघा कृषि भूमि खरीदी और इस खरीद के कुछ दिनों के बाद ही इस भूखंड को औद्योगिकी भूमि में तब्दील कर दिया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उनकी पत्नी जिस कंपनी से जुड़ी हुई हैं उसे भारत सरकार से कोई सब्सिडी नहीं मिली है। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता और असम से ताल्लुक रखने वाले सांसद गौरव गोगोई ने 'एक्स' पर पोस्ट कर आरोप लगाया, ''भारत के किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने किसान संपदा योजना की शुरुआत की। लेकिन असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके अपनी पत्नी की कंपनी को 'क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी' के हिस्से के रूप में 10 करोड़ रुपये दिलाने में मदद की।''

ओडिशा: प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की हड़ताल छठे दिन भी जारी, स्थायी नियुक्ति की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भुवनेश्वर/भाषा। ओडिशा में सरकारी स्कूलों के प्राथमिक शिक्षकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को छठे दिन भी जारी रही। प्रदर्शनकारी शिक्षक अनुबंध के आधार पर नियुक्ति व्यवस्था को खत्म करने तथा पुरानी पेंशन व्यवस्था को फिर से लागू करने की मांग कर रहे हैं।

सरकार की ओर से हड़ताल खत्म करने की अपील के बावजूद समूचे राज्य में प्राथमिक स्कूलों के 1.30 लाख से अधिक शिक्षकों का प्रदर्शन जारी है। 'यूनाइटेड प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन' ने अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की व्यवस्था को खत्म करने, केंद्रीय वेतन प्रणाली के तहत वेतन और पुरानी पेंशन व्यवस्था को फिर से लागू करने की मांग को लेकर आठ सितंबर को हड़ताल शुरू की थी। समूचे ओडिशा में कार्यरत 56 हजार प्राथमिक शिक्षक खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं।

स्कूल और जन शिक्षा मंत्री सुदाम मरांडी ने शिक्षकों से स्कूल लौटने की अपील करते हुए कहा कि सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर रही है। 'ऑल ओडिशा प्राइमरी स्कूल टीचर्स एसोसिएशन' के अध्यक्ष ब्रह्मानंद महराणा ने कहा कि प्रदर्शनकारी शिक्षकों और संबंधित अधिकारियों के बीच एक बैठक हुई थी, लेकिन उसमें कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। उन्होंने कहा, हमारी मांगों पर गौर करने के बजाय सरकार ने एक उप समिति गठित कर दी है। जब एक अंतर-मंत्रालयी समिति पहले से गठित है तो उप समिति की क्या जरूरत है?

महाराणा ने आरोप लगाया कि प्रक्रिया में विलंब करने के लिए उप समिति गठित की गई है।

उन्होंने कहा, हमने आज से अपना प्रदर्शन आक्रामक रूप से जारी रखने का संकल्प लिया है।

आजम के परिसरों में आयकर विभाग की छापेमारी को समाजवादी पार्टी ने 'तानाशाही' बताया

लखनऊ/भाषा। समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कर की चोरी की जांच के तहत उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 30 से अधिक स्थानों पर आयकर विभाग की छापेमारी को समाजवादी पार्टी ने ''तानाशाही'' करार देते हुए कहा कि जनता 2024 के लोकसभा चुनावों में करारा जवाब देगी।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मो. आजम खान साहब सच की आवाज हैं। अखिलेश ने कहा, ''उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव रखी है। शिक्षा के लिए विवि बनाया। आजम हमेशा फिरकापरस्त ताकतों से लड़ते रहे हैं। आज पूरी सपा उनकी आवाज के साथ खड़ी है। भाजपा सरकार केन्द्रीय संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।'' पार्टी की ओर से जारी बयान में यादव ने कहा, 'भाजपा सरकार का आचरण संविधान एवं लोकतंत्र विरोधी है। भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ लगातार बदले की भावना से काम कर रही है। पहले भी भाजपा ने मो. आजम खान की ईमानदार छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए फर्जी मुकदमे लगाए थे।

भाजपा 'अभिषेक फोबिया' से पीड़ित है: तृणमूल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता/भाषा। अपने महासचिव अभिषेक बनर्जी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तलब किये जाने की पृष्ठभूमि में तृणमूल कांग्रेस (तृकां) ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अपने राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों को कथित रूप से अपनी अंगुलियों पर नचाने को लेकर कड़ा प्रहार किया तथा उस पर 'अभिषेक फोबिया' से पीड़ित होने का आरोप लगाया।

तृणमूल कांग्रेस में 'नंबर टू' समझे जाने वाले अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल में स्कूली नौकरी घोटाले की जांच के सिलसिले में यहां बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए।

तृणमूल सांसद और प्रवक्ता शांतनु सेन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' भाजपा अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर रही है। लेकिन वह केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर हमें घुटने टेकने के लिए मजबूर नहीं कर सकती । हमें लोगों पर विश्वास है। दरअसल भाजपा अभिषेक फोबिया से पीड़ित है क्योंकि वह राजनीतिक रूप से हमारा मुकाबला करने में अक्षम है।''

मैं बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग दोनों भूमिकाओं के लिए तैयार था: राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलंबो/भाषा। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले केएल राहुल ने कहा कि उन्हें भारतीय टीम के अंतिम एकादश में जगह मिलने की उम्मीद थी तथा वह बल्लेबाज और विकेटकीपर की भूमिकाओं को निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार थे।

राहुल ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ सुपर चार के मैच में वापसी की और नाबाद 111 रन बनाए। यह मार्च के बाद भारत की तरफ से उनका पहला मैच था। इसके बाद उन्होंने विकेटकीपर का जिम्मा भी संभाला। श्रीलंका के खिलाफ अगले मैच में भी उन्होंने दोनों भूमिकाएं बखूबी निभाई।

राहुल ने भारत की श्रीलंका के खिलाफ 41 रन की जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,'' मैं पिछले दो मैचों में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। शुरू में मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन कुछ गेंदों का सामना करने के बाद मैं अच्छा महसूस करने लगा था।'' राहुल ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन के दौरान कड़ी मेहनत की थी जिससे उन्हें सफल वापसी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा,'' मैं सोच रहा था कि मुझे अंतिम एकादश में जगह मिल जाएगी और मैंने उसी तरह से तैयारी की थी। मुझे पूरा विश्वास था कि मैं टीम की तरफ से अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा सकता हूं।''

इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को टीम प्रबंधन ने स्पष्ट तौर पर बता दिया था कि उन्हें मध्यक्रम के बल्लेबाज के साथ ही विकेटकीपर की भूमिका भी निभानी होगी। राहुल ने कहा,'' टीम प्रबंधन ने मुझे मेरी भूमिकाओं के बारे में बता दिया था कि मुझे मध्यक्रम में बल्लेबाजी करनी होगी और विकेटकीपर की भूमिका भी निभानी होगी।''

राहुल ने कहा कि टीम प्रबंधन के स्पष्ट संदेश के बाद उन्होंने एनसीए में विकेटकीपिंग का भी पर्याप्त अभ्यास किया था। उन्होंने कहा,'' मैं पिछले दो वर्षों से विकेटकीपर की भूमिका निभा रहा हूं। इसलिए मेरे लिए यह नई चीज नहीं है। मैंने 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विकेटकीपिंग शुरू की थी जब ऋषभ पंत चोटिल हो गए थे। एनसीए में कोच के साथ मैंने अपनी विकेटकीपिंग पर भी काम किया था। उम्मीद है कि मैं अपनी दोनों भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभाता रहूंगा।''

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल, लेकिन सन्यास के बारे में नहीं सोच रही हूं: साइना नेहवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। साइना नेहवाल को पता है कि अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल होगा लेकिन चोटों से जूझने वाली इस भारतीय खिलाड़ी का बैडमिंटन से संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और वह अपने करियर को नया जीवन देने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

लगातार चोटिल रहने और स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य समस्याओं के कारण हैदराबाद की 33 वर्षीय खिलाड़ी साइना कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाई और इससे वह विश्व रैंकिंग में 55वें स्थान पर खिसक गई। साइना ने यहां पत्रकारों से कहा,'' जब भी मैं एक या दो घंटे अभ्यास करती हूं तो मेरे घुटने में सूजन आ जाती है। मैं अपना घुटना नहीं मोड़ पाती हूं और इसलिए दूसरे सत्र के अभ्यास में भाग नहीं ले सकती। चिकित्सकों ने मुझे कुछ इंजेक्शन दिए हैं। बेशक ओलंपिक पास में है लेकिन उसके लिए क्वालीफाई करना मुश्किल है।'' उन्होंने कहा,'' लेकिन मैं वापसी के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास कर रही हूं। फिजियो मेरी मदद कर रहे हैं लेकिन अगर सूजन कम नहीं होती तो फिर पूरी तरह फिट होने में थोड़ा समय लगेगा। मैं भी अधूरे मन से नहीं खेलना चाहती हूं और ऐसे में परिणाम भी अनुकूल नहीं आएंगे।'' गुरुग्राम में 24 सितंबर को होने वाली हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस की ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त की गई साइना ने कहा,'' अगर आपको एन सेयॉन्ग, या ताई त्जु यिंग या अकाने (यामागुची) के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करनी है तो इसके लिए एक घंटे के अभ्यास से काम नहीं चलेगा। अगर आप इस तरह की उच्च स्तर की खिलाड़ियों के खिलाफ खेल रहे हैं तो आपको अपने खेल को भी उसी स्तर पर बनाए रखना होगा।'' विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना ने आखिरी बार जून में सिंगापुर ओपन में भाग लिया था। उन्होंने अपना आखिरी खिताब जनवरी 2019 में मलेशिया मास्टर्स के रूप में जीता था।

सुविचार

सफलता हमारा परिचय दुनिया को करवाती है, और असफलता हमें दुनिया का परिचय करवाती है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

भारत मां का मुकुट

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह का यह बयान कि 'पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) अपने आप भारत के अंदर आएगा, थोड़ा-सा इंतजार कीजिए' के गहरे मायने हैं। वीके सिंह राजनीति में आने से पहले सेना में थे। वे थल सेना प्रमुख भी रह चुके हैं। उन्हें सैन्य व राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों की गहरी समझ है, इसलिए उनका यह बयान काफी वजन रखता है। समस्त भारतवासियों की हार्दिक इच्छा है कि पीओके जल्द से जल्द भारत में मिले। पाकिस्तान भले ही संपूर्ण जम्मू-कश्मीर को कुछ कृत्रिम शब्दों से संबोधित करता रहे, लेकिन यह पूरा क्षेत्र भारत मां का मुकुट है। आज जब हम अपने देश का मानचित्र देखते हैं तो एलओसी किसी खंजर की तरह चुभती है। अगर तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व ने दूरदर्शिता व दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाते हुए एक-एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार भगाने तक अभियान जारी रखा होता और अंतरराष्ट्रीय ताकतों को इस मामले में शामिल न किया होता तो आज गिलगित, बाल्टिस्तान से लेकर पूरा पीओके हमारे पास होता। भारत मां का मुकुट पूरे नूर के साथ जगमगा रहा होता। भारतीय संसद भी इस बात पर मोहर लगा चुकी है कि पीओके समेत जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। हमारा उस पर जायज़ हक़ है। इस पूरे इलाके पर तिरंगा झंडा होना चाहिए। आमतौर पर जब हम पीओके की बात करते हैं तो कुछ भावुक हो जाते हैं और उससे जुड़े विशेष तथ्यों की ओर ध्यान नहीं देते। प्राय: राष्ट्रीय मीडिया में उन पर कम ही चर्चा होती है। निस्संदेह आज पीओके में पाकिस्तान सरकार के प्रति गहरा गुस्सा है। इसकी बड़ी वजह है आर्थिक बदहाली और महंगाई। पाक सरकार ने पीओके को विकास से पूरी तरह वंचित रखा है, क्योंकि उसे डर है कि एक दिन यह इलाका उसके हाथ से निकलेगा। वहीं, उधर प्राकृतिक संसाधनों की भारी लूट मची है। जिन जल स्रोतों से बिजली बनाई जाती है, वह पीओके की जनता को बहुत महंगी मिलती है। वहां के जंगलों से कीमती लकड़ी की कटाई कर पाक फौज के अफसर मालामाल हो रहे हैं। इससे जनता में आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक है।

इसके अलावा वहां समुदाय के अलग-अलग हिस्सों में आस्था को लेकर टकराव बढ़ रहा है। पिछले दिनों वहां ईशनिंदा बहुत बड़ा मुद्दा बना हुआ था और हजारों लोगों ने आक्रोश प्रकट किया था। उनमें से कई लोगों ने यह मांग भी की थी कि उनके लिए रास्ते खोल दिए जाएं, वे भारत के साथ मिलना चाहते हैं। हमें इसके दूसरे पहलू को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए। आज पीओके में रहने वाले ज़्यादातर लोग उस पीढ़ी से नहीं हैं, जो साल 1947-48 में थी। वहां कश्मीरी और डोगरी बोलने वाले मुश्किल से मिलते हैं। यह कैसे हुआ? वास्तव में पाक ने उस इलाके पर अपना कब्जा मजबूत करने के लिए खुद के पंजाब प्रांत से बड़ी तादाद में लोगों को वहां बसा दिया। इस पड़ोसी देश में नौकरशाही से लेकर फौज तक, सब जगह पंजाब को तरजीह दी जाती है। पीओके के साथ ऐसा ही हुआ है। इसलिए वहां रहने वाली मौजूदा पीढ़ी का बड़ा हिस्सा न तो कश्मीर की संस्कृति से परिचित है और न उसकी भाषा के साथ उसका कोई जुड़ाव है। दूसरी सबसे बड़ी समस्या 'कट्टरता और नफरत' है। पिछले करीब सात दशकों में पाक फौज और सरकार ने पीओके को इसकी प्रयोगशाला बना रखा है। इसका नतीजा यह है कि आज वह इलाका आतंकवाद का गढ़ बन चुका है। वहां आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने के शिविर चलाए जा रहे हैं। बाद में उन्हें हथियार देकर एलओसी की ओर धकेल दिया जाता है। अभी जो लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, उसकी जड़ में महंगाई और खाद्यान्न की किल्लत है। जिस दिन उन्हें थोड़ी-सी राहत मिल जाएगी, वे भारत और भारतवासियों के प्रति नफरत को दोबारा खुलकर जाहिर करने लग जाएंगे। हमें नहीं भूलना चाहिए कि पीओके में कम से कम तीन पीढ़ियां ऐसी तैयार हो चुकी हैं, जिन्हें भारत से नफरत करने की घुट्टी पिलाई गई है। अगर कोई व्यक्ति ऐसी मानसिकता लेकर भारत के बहुसांस्कृतिक वातावरण में आएगा तो इससे शांति, सद्भाव और सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा होंगी। इन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए ही पीओके को वापस लेने की योजना पर कार्य होना चाहिए। ऐसे कार्यों में समय लगता है, लेकिन दृढ़ निश्चयी लोग उन्हें पूरा कर दिखाते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण इज़राइल के रूप में मौजूद है।

ट्वीटर टॉक

भरतपुर के नदबई में बस और ट्रेलर के बीच दुर्घटना में 11 श्रद्धालुओं की मृत्यु की ख़बर अत्यंत दु:खद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है, परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवगंतों की आत्मा को शांति प्रदान करे एवं दुर्घटना में घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दे।

-गोविंद सिंह डोटासरा

राजस्थान में पेट्रोल-डीजल पर वैट बहुत अधिक होने की वजह से लोग पहले से ही परेशान है, ऊपर से पेट्रोल पंप संचालकों की हड़ताल ने उनकी समस्याओं को और बढ़ा दिया है। लेकिन सरकार मौन है क्योंकि उसे जनता की समस्याओं से कोई सरोकार ही नहीं है।

-दिया कुमारी

ये है कांग्रेस का असली महिला सम्मान का चेहरा! जहाँ खुद की ही पार्टी विधायक दिव्या मदेरणा व उनकी माता को सार्वजनिक रूप से गाली दी जाती है, और किसी भी नेता के मुँह से एक शब्द नहीं निकलता है। कहाँ है महिला सम्मान की बड़ी-बड़ी बातें करने वाली प्रियंका गाँधी?

-अर्जुनराम मेघवाल

प्रेरक प्रसंग

त्याग-विश्वास की मिसाल

एक बार एक नवयुवक ने साबरमती आश्रम में महात्मा गांधी के चरण स्पर्श करके एक पत्र गांधी जी को थमाया। पत्र में लिखा था, 'मुझे अपना गोद लिया पुत्र मान लीजिये।' पत्र पढ़कर गांधी बोले, 'निभा सको तो तुम मेरे पुत्र हुए।' यह सुनकर नवयुवक की आंखों से ख़ुशी के आंसू टपकने लगे। इस युवक ने राष्ट्र सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वर्धा में 20 एकड़ जमीन दान देकर स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र बनवाया। अंग्रेजों से मिली रायबहादुर की उपाधि लौटा दी, असहयोग आन्दोलन, नागपुर झंडा सत्याग्रह, साइमन कमीशन बहिष्कार, डांडी यात्रा जैसे आन्दोलनों में सक्रिय भाग लिया। वर्ष 1921 में 1 करोड़ रुपये दान देकर ऑल इंडिया तिलक मेमोरियल फंड बनावाया, दशकों तक कांग्रेस पार्टी के लिए 'फाइनेंसर' रहे, जिन वकीलों की भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में वकालत छूट गई थी, उन्हें निर्वाह हेतु आर्थिक सहायता दी, वर्धा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, खेतों और बगीचों में दलितों का प्रवेश कराया। यह नवयुवक वैरागी पूंजीपति जमनालाल बजाज थे। जिन्होंने गांधी जी का मानस पुत्र बन ऐसा नाता निभाया कि भारत के इतिहास में त्याग और विश्वास की मिसाल रूप में जमनालाल बजाज को ऐसे श्रेष्ठ गुणों के कारण याद किया जाता है।

सामयिक

जी 20 सम्मेलन से नए दौर की शुरुआत

अवधेश कुमार
मोबाइल : 98110 27208

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 अध्यक्ष के नाते जब 'स्वस्तिअस्तु विश्व:' यानी संपूर्ण विश्व सुखी हो के साथ शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा की तो ये कोरे शब्द नहीं थे। जी 20 का नई दिल्ली शिखर सम्मेलन अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक और सफल माना जाएगा। यूक्रेन युद्ध के बाद पहला सम्मेलन है जिसकी घोषणा पत्र से कोई देश नाखुश या असंतुष्ट नहीं है। अमेरिका और पश्चिमी देश संतुष्ट हैं तथा रूस और चीन भी। इस कूटनीति को भारत ने कैसे साधा होगा इसकी कल्पना आसान नहीं है। 37 पृष्ठों के घोषणा पत्र में पृथ्वी, यहां के लोग, शांति व समृद्धि वाले खंड में चार बार यूक्रेन युद्ध की चर्चा है किंतु रूस का नाम कहीं नहीं है। इन पंक्तियों को देखिए, सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों व सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। किसी भी दूसरे देश की अखंडता व संप्रभुता का उल्लंघन धमकी या बल के उपयोग से बचना चाहिए। नाभिकीय हथियारों के इस्तेमाल या इस्तेमाल की धमकी अस्वीकार्य है। यूक्रेन युद्ध के बीच में राष्ट्रपति पुतिन ने नाभिकीय हथियार के उपयोग तक की धमकी दे दी थी। इसमें प्रधानमंत्री की वह पंक्ति भी है जो उन्होंने पुतिन को कहा था कि यह समय युद्ध का नहीं है। अगर पिछले बाली घोषणा पत्र को देखें तो वह रूस के विरुद्ध था और रूस से यूक्रेन खाली करने की आवाज उठाई गई थी। तुलना करें तो इस प्रश्न का उत्तर सामान्यतः नहीं मिलेगा कि भारत ने अमेरिका को कैसे यह प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए तैयार किया।

सम्मेलन के पहले दिन दूसरे सत्र में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली घोषणा पत्र स्वीकार करने की घंटी बजाई तभी साफ हो गया कि भारत की कूटनीति सफल रही है। सम्मेलन आरंभ होने के एक दिन पहले तक यूक्रेन से लेकर जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, विकासशील और कमजोर देश को वित्तीय सहायता व सस्ते कर्ज उपलब्ध कराने ,साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहमति नहीं बन रही थी। घोषणा पत्र में यूक्रेन युद्ध से जुड़ा पैराग्राफ खाली छोड़ना पड़ा था। भारतीय प्रयासों ने रंग लाया और घोषणा पत्र में यूक्रेन युद्ध, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक असमानता ,आर्थिक चुनौतियां, हरित विकास, आतंकवाद, क्रिप्टो करेंसी, महिलाओं के उत्थान समेत वो सारे मुद्दे शामिल किए गए जिन्हें भारत ने तैयार किया था।

इस एक पहलू से साफ हो जाता है कि अपनी अध्यक्षता में भारत ने किस तरह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, देशों के संबंध, राजनय, व्यक्ति के जीवन आदि से संबंधित भारतीय विचारों को लेकर पिछले एक वर्ष तक काम किया होगा। भारत के लगभग 60 शहरों में 220 से ज्यादा बैठकें जी 20 की हुई है। इस कारण भी यह इतिहास का सबसे विस्तारित, महत्वाकांक्षी और सफल सम्मेलन साबित हुआ क्योंकि इनमें कुल 112 परिणाम दस्तावेज व अध्यक्षीय दक्षतावेज तैयार हुए। पिछले इंडोनेशिया की राजधानी बाली के सम्मेलन में कुल 50 परिणाम व अध्यक्षीय दस्तावेज स्वीकृत हुए थे। इनमें 73 परिणाम दस्तावेज यानी आउटकम डॉक्यूमेंट हैं जो देश के विभिन्न शहरों में सदस्य देशों के मंत्रियों और अधिकारियों के ओर से बैठकों में बनी सहमति पर तैयार हुए हैं। ऐसा कोई विषय नहीं जिन पर बैठक नहीं हुई। जब भारत ने इसका नारा ही एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य दिया तथा इसके साथ वसुधैव कुटुंबकम जोड़ दिया तो फिर इसके परे कुछ हो ही नहीं सकता था। निश्चय ही इसके सदस्य देशों के साथ अन्य देशों को भी इन शब्दों के भारतीय अर्थ समझाए गए होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने इंडिया की जगह भारत लिखा हुआ था। भारत नाम के वैश्विक स्वीकृति की ठोस नींव पड़ चुकी है। भारत शब्द के साथ विश्व यह मानने को विवश होगा कि हम लाखों वर्ष पूर्व के प्राचीनतम राष्ट्र हैं। इस नाते भी जी 20 सम्मेलन को इतिहास के अध्याय में याद किया जाएगा।

भारत के लिए यह पहला अवसर था जब विश्व के सभी शक्तिशाली देशों के प्रतिनिधि तथा रूस, चीन और स्पेन को छोड़कर सारे राष्ट्र प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रमुख एवं सत्ता शीर्ष से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। भारत में स्वयं नौ देशों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। भारत के लिए भविष्य की महाशक्ति संभावना का विश्वास दिलाने का अब तक का सबसे बड़ा अवसर था और यह मानने में कोई हिचक नहीं है कि इस उद्देश्य को कल्पना से भी श्रेष्ठ तरीके से भारत ने प्राप्त किया है।

भारत मंडपम देखने से ही भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत के साथ आधुनिक ज्ञान विज्ञान की उपलब्धियां, आर्थिक व सैनिक क्षमता, विविधताओं, राष्ट्र की अवधारणा, राष्ट्र-राज्य के रूप में भविष्य के उद्देश्यों की समझ आने वाली लायक झलक मिल रही थी। स्वयं प्रधानमंत्री कोणार्क के जिस काल चक्र के सम्मुख खड़े होकर सभी नेताओं का स्वागत कर रहे थे उसके दर्शन में ही संपूर्ण सृष्टि के संचालन का ज्ञान निहित है। राष्ट्रपति के रात्रि भोज में स्वागत करने की पृष्ठभूमि नालंदा विश्वविद्यालय की तस्वीर यह बताने के लिए थी कि जब विश्व आधुनिक शिक्षा पद्धति से अनभिज्ञ था तब भी भारत में व्यवस्थित विश्वविद्यालय थे जहां हर विषयों की शिक्षा थी और अलग-अलग देशों से छात्र यहां पढ़ने आते थे।

भारत ने इस सम्मेलन को महिमामंडित कर जैसी भव्यता और सुव्यवस्थित आयोजन बनाया वह अगले अध्यक्ष ब्राजील के लिए एक मानक बन गया है। यह स्वीकार करना होगा कि भारत ने अपने नेतृत्व में जी 20 का एजेंडा, लक्ष्य, सदस्यों की सोच को काफी हद तक बदलने में सफलता पाई है। वसुधैव कुटुंबकम यानी संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानकर विश्व व्यवस्था की रचना करने की दिशा में 55 सदस्यीय अफ्रीकन यूनियन को सदस्य बनाने में भारत क़ो सफलता मिली, 125 विकासशील व गरीब देशों का सम्मेलन बुलाकर ग्लोबल साउथ या वैश्विक दक्षिण के एजेंडा को इसमें रखा गया। इस तरह भारत ने संदेश दिया कि अंतरराष्ट्रीय समस्याओं का समाधान ज्यादा लोकतांत्रिक तरीके से संभव है और इसमें छोटे - बड़े, संपन्न विकासशील और गरीब सभी देशों को सहभागी बनाया जाए ताकि उन्हें आभास हो कि विश्व व्यवस्था की रचना में उनकी भूमिका है। अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में मुख्य भूमिका निभाने वाले देशों से इनका संवाद एवं मिलन ही नहीं होगा तो असंतोष और गुस्सा पैदा होगा।

प्रधानमंत्री ने 15 द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। चीन भारत की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव के विरुद्ध भारत काम कर रहा है। इटली की प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि वह इससे बाहर निकल रहा है। भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच संपर्क गलियारे को जल्द लॉन्च करने की घोषणा हुई। भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, फ्रांस, इटली, जर्मनी व यूरोपीय संघ के अन्य देशों तथा अमेरिका को शामिल करते हुए इस संपर्क गलियारे और बुनियादी ढांचे पर सहयोग की आधारभूमि बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस जलवायु सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की शुरुआत की। इस बार वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की शुरुआत हुई। वैश्विक स्तर पर पेट्रोल के साथ एथेनॉल मिश्रण को बढ़ाकर 207 तक करने की अपील के साथ इसके सदस्य बनने की अपील की गई। बहुपक्षीय विकास बैंक से लेकर डिजिटल सार्वजनिक आधारभूत संरचना आदि अनेक ऐसे बिंदु हैं जिनको उपलब्धियां के रूप में उल्लेखित किया जा सकता है।

कुल मिलाकर विश्व के नेताओं ने एक वर्ष के सम्मेलनों और दिल्ली समापन के साथ भारत की प्राचीन सभ्यता-संस्कृति ,धर्म ,विरासत, राष्ट्र-राज्य की अवधारणा, वर्तमान ताकत, एकता, अखंडता के इसके सूत्र, वैश्विक सोच, आधुनिक प्रगति और भविष्य में विश्व का शीर्ष देश बनने के संकल्प को साक्षात्कार देखा और समझा। इस मनोविज्ञान का असर आने वाले समय में दिखाई देगा और भारत ज्यादा मुखर होकर अपनी सोच के अनुरूप भावी विश्व व्यवस्था को दिशा देने में सफल भूमिकाएं निभाएगा। जी 20 को इसके अनुकूल एक सशक्त आधार भारत के नेतृत्व में दे दिया गया है। उम्मीद की विश्व आर्थिक और तकनीकी विकास से लेकर संपूर्ण विश्व में खाद्यान्न व स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि की दृष्टि से समावेशी होगा तथा सहयोग और सहकार की भूमिका निभाते हुए तनाव दूर करने में भी सफल होगा।

मंथन

अगली पीढ़ी के प्राणों में भी बसानी होगी हिन्दी

संदीप सृजन
मो. 9926061800

हिन्दी भाषा भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। यह हम भारतीयों की पहचान है। भारत में अनेक भाषाएं हैं मगर फिर भी हिन्दी का प्रभाव सर्वत्र देखा जा सकता है। विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी भाषा का प्रयोग करते हैं। हिन्दी भाषा एक ऐसी भाषा है, जिसमें जो हम लिखते हैं,वही हम बोलते हैं उसमें कोई बदलाव नहीं होता है। हिन्दी भाषा की सहयोगी लिपि देवनागरी इसे पूरी तरह वैज्ञानिक आधार प्रदान करती है।

इन सभी कारणों से 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी और हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

हिन्दी को समृद्ध करने में सबसे बड़ा योगदान संस्कृत का है। संस्कृत विश्व की सबसे प्राचीन भाषा मानी गई है और हिन्दी का जन्म संस्कृत की कोख से ही हुआ है। कई संस्कृत शब्दों का प्रयोग हिन्दी में बिना किसी परिवर्तन के किया जाता है, उन शब्दों का उच्चारण और ध्वनि भी संस्कृत के समान ही है। इस कारण हिन्दी को एक विशाल शब्द कोष जन्म के साथ ही संस्कृत से मिला है,जो उसके अस्तित्व को विराट बनाता है।

हिन्दी यूँ तो हमें परम्परा से मिली भाषा है,इस कारण से इसे पैत्रृक सम्पत्ति ही माना जाना चाहिए। जब हम छोटे बच्चे थे और बोलना सीख रहे थे,उस समय हमारे परिवेश की जो भाषा थी वह उम्र के किसी भी पड़ाव पर जाने के बाद भी सहज और सरल ही लगती है। मगर अब लगता है कि अंग्रेजी का प्रभुत्व हिन्दी पर प्रभाव डाल रहा है। हिन्दी का अस्तित्व तभी रहेगा जब हम उसे दिल में बैठा ही रखेंगे। हमें अगली पीढ़ी तक हिन्दी को प्रभावी स्वरुप में पहुंचाना होगा। याद रहे बोलने वालों की, समझने वालों की संख्या में जब वृद्धि होती है, तो भाषा का विस्तार होता चला जाता है हिन्दी के साथ यही होना चाहिए। हिन्दी को अब सिर्फ राजभाषा नहीं राष्ट्र भाषा का सम्मान मिलना चाहिए।

नजरिया

राष्ट्रभाषा के बिना गूंगा है राष्ट

योगेश कुमार गोयल
मोबाइल : 9034304041.

हिन्दी भाषा को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिवर्ष 14 सितम्बर का दिन 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक भारतीय के लिए अब यह गर्व की बात है कि दुनियाभर में हिन्दी को चाहने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डा. फादर कामिल बुल्के ने संस्कृत को मां, हिन्दी को गृहिणी और अंग्रेजी को नौकरानी बताया था। आयरिश प्रशासक जॉन अब्राहम ग्रियर्सन को भारतीय संस्कृति और यहां के निवासियों के प्रति अगाध प्रेम था, जिन्होंने हिन्दी को संस्कृत की बेटियों में सबसे अच्छी और शिरोमणि बताया था। दूसरी ओर हमारे ही देश में कुछ लोग कुतर्क देते हैं कि भारत सरकार योग को तो 177 देशों का समर्थन दिलाने में सफल हो गई लेकिन हिन्दी के लिए 129 देशों का समर्थन भी नहीं जुटा सकी और इसे अब तक संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने में भी सफलता नहीं मिली। हालांकि इस प्रकार की नकारात्मक बातों से न हिन्दी का कुछ भला होने वाला है और न ही उसका कुछ बिगड़ने वाला है। ऐसे व्यक्ति हिन्दी की बढ़ती ताकत का यह सकारात्मक पक्ष बहुत चालाकी से नजरअंदाज कर देते हैं कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं। हिन्दी को लेकर भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने एक बार कहा था:- 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।।'

अर्थात अपनी भाषा से ही उन्नति संभव है क्योंकि यही सारी उन्नतियों का मूलाधार है। मातृभाषा के ज्ञान के बिना हृदय की पीड़ा का निवारण संभव नहीं है। देश-विदेश के बड़े-बड़े विद्वानों ने हिन्दी भाषा के महत्व को समय-समय पर अपने शब्दों में व्यक्त किया है। पुरुषोत्तमदास टंडन मानते थे कि जीवन के छोटे से छोटे क्षेत्र में भी हिन्दी अपना दायित्व निभाने में समर्थ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनसम्पर्क के लिए हिन्दी को ही सबसे उपयोगी भाषा मानते थे। हिन्दी भाषा के महत्व को स्वीकारते हुए वह कहा करते थे कि सम्पूर्ण भारत के परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है, जिसे जनता का बड़ा भाग पहले से ही जानता-समझता है और राज व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है। गांधी जी कहते थे कि दिल की कोई भाषा नहीं है, दिल दिल से बातचीत करता है और राष्ट्रभाषा के बिना एक राष्ट्र गूंगा है। अमेरिका के जाने-माने चिकित्सक वॉल्टर चेनिंग का कहना था कि विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र के राजकाज और शिक्षा की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है। माखनलाल चतुर्वेदी हिन्दी को देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत मानते थे जबकि राहुल सांस्कृत्यायन के अनुसार संस्कृत की विरासत हिन्दी को जन्म से ही मिली है। बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का कहना था कि राष्ट्रीय एकता की कड़ी हिन्दी ही जोड़ सकती है।

महात्मा गांधी के हिन्दी प्रेम को परिभाषित करता वर्ष 1917 का एक ऐसा किस्सा सामने आता है, जब कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन के मौके पर बाल गंगाधर तिलक ने राष्ट्रभाषा प्रचार संबंध कांफेंस में अंग्रेजी में भाषण दिया था और गांधी जी ने उनका वह भाषण सुनने के पश्चात उन्हें हिन्दी का महत्व समझाते हुए कहा था कि वह ऐसा कोई कारण नहीं समझते कि हम अपने देशवासियों के साथ अपनी ही भाषा में बात न करें। गांधी जी ने कहा था कि अपने लोगों के दिलों तक हम वास्तव में अपनी ही भाषा के जरिये पहुंच सकते हैं। दरअसल हिन्दी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतीय को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाती है। बहुत सारे देशों में अब वहां की स्थानीय भाषाओं के साथ हिन्दी भी बोली जाती है। इसके अलावा दुनिया के सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है और यह वहां अध्ययन, अध्यापन तथा अनुसंधान की भाषा भी बन चुकी है।

दुनियाभर में अब करीब 75 करोड़ व्यक्ति हिन्दी बोलते हैं और जिस प्रकार वैश्विक परिदृश्य में हिन्दी की स्वीकार्यता निरन्तर बढ़ रही है, उसे देखते हुए यह कहना असंगत नहीं होगा कि अब वह दिन ज्यादा दूर नहीं, जब हमारी राजभाषा हिन्दी चीन की राजभाषा चीनी को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच जाएगी। विश्वभर में हमारी हिन्दी फिल्म 'इंडस्ट्री बॉलीवुड' का नाम है, जहां हर साल करीब डेढ़ हजार फिल्में बनती हैं और ये फिल्में भारत के अलावा विदेशों में भी खूब पसंद की जाती हैं। यही कारण है कि बॉलीवुड सितारे अक्सर अपनी फिल्मों के प्रचार-प्रसार के लिए अब विदेशों में शो आयोजित करते हैं। यूएई में हिन्दी एफएम चैनल वहां के लोगों की खास पसंद हैं। जब हम ऐसे-ऐसे देशों में भी हिन्दी को भरपूर प्यार, स्नेह, सम्मान मिलता देखते हैं, जो अपनी मातृभाषाओं को लेकर बेहद संवेदनशील रहते हैं और उसे अपनी सांस्कृतिक अस्मिता से जोड़कर देखते हैं तो यह वाकई हम भारतीयों के लिए गौरवान्वित करने वाली उपलब्धि ही है। आज दुनिया का हर वह कोना, जहां भारतवंशी बसे हैं, वहां तो हिन्दी धूम मचा ही रही है। तो आइए, आज हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी भाषा और हिन्दी साहित्य को सर्वांगसुंदर बनाने का संकल्प लेकर डा. राजेन्द्र प्रसाद के इसी सपने को साकार करने का हरसंभव प्रयास करें।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

संबोधन

तिरुवनंतपुरम में बुधवार को केरल के विपक्ष के नेता वीडी सतीसन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राज्य सचिवालय के सामने धरना दे रहे केरल प्राइवेट कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित करते हुए।

पुतिन ने मोदी की 'मेक इन इंडिया' पहल को सराहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

व्लादिवोस्तोक। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मेक इन इंडिया' पहल की सराहना करते हुए कहा है कि घरेलू उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए हमारा देश भारत जैसे अपने भागीदारों की सफलता का अनुकरण कर सकता है। पुतिन ने मंगलवार को रूस के सुदूर-पूर्व क्षेत्र के एक प्रमुख बंदरगाह शहर व्लादिवोस्तोक में आठवें पूर्वी आर्थिक मंच के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। रूस में बनी कारों पर एक सवाल के जवाब में पुतिन ने कहा, ''आप जानते हैं, हमारे पास उस समय घरेलू स्तर पर निर्मित कारें नहीं थीं, लेकिन अब हमारे पास हैं।

यह सच है कि वे मर्सिडीज या ऑडी कारों की तुलना में मामूली दिखती हैं, जिन्हें हमने भारी राशि खर्च 1990 के दशक में खरीदा था। लेकिन मुद्दा यह नहीं है। मुझे लगता है कि हम अपने कई भागीदारों का अनुकरण कर

सकते हैं। भारत इसका एक उदाहरण है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने निवेश को सुविधाजनक बनाने, नवोन्मेषण को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने, बौद्धिक संपदा की सुरक्षा और सर्वश्रेष्ठ विनिर्माण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 'मेक इन इंडिया' अभियान की शुरुआत 2014 में की थी।

'मेक इन इंडिया' पहल चार स्तंभों पर आधारित है, जिन्हें न केवल विनिर्माण बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी भारत में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मान्यता मिली है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, ''वे भारत में बने वाहनों के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बढ़ावा देने में सही काम कर रहे हैं। वह सही हैं।''

उन्होंने आगे कहा कि रूस में विनिर्मित वाहनों का उपयोग करना बिल्कुल सही होगा। पुतिन ने कहा, ''हमारे पास रूस में बने वाहन हैं, हमें उनका उपयोग करना चाहिए। यह बिल्कुल ठीक है। इससे हमारी विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की प्रतिबद्धताओं का कोई उल्लंघन नहीं होगा। यह सरकार की खरीद से संबंधित होगा। हमें इस संबंध में एक निश्चित श्रृंखला बनानी चाहिए। इससे यह तय होगा कि विभिन्न वर्गों के अधिकारी किन कारों को चला सकते हैं, ताकि वे देश में बनी कारों का इस्तेमाल कर सकें।

पुतिन ने कहा कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोपीय आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) किसी भी तरीके से रूस को प्रभावित नहीं करेगा। इससे रूस को लाभ ही होगा। आईएमईसी की घोषणा शनिवार को नयी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर संयुक्त रूप से अमेरिका, भारत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, जर्मनी इटली और यूरोपीय संघ के देशों ने की थी।

एप्पल के नए आईफोन में बेहतर कैमरा, तेज प्रोसेसर और नई चार्जिंग प्रणाली की खूबियां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

क्यूपर्टिनो। एप्पल ने मंगलवार को अपने अगली पीढ़ी की आईफोन श्रृंखला का अनावरण किया। कंपनी के आईफोन की इस श्रृंखला में उपभोक्ताओं को बेहतर कैमरा, तेज प्रोसेसर और एक नई चार्जिंग प्रणाली मिलेगी। कैलिफोर्निया के क्यूपर्टिनो में एप्पल के मुख्यालय में यह आयोजन ऐसे समय हुआ है जबकि कंपनी अपनी बिक्री में आई मामूली गिरावट के रुख को पलटने का प्रयास कर रही है। कंपनी की बिक्री में हाल के समय में गिरावट आई है। जुलाई के मध्य से एप्पल के शेयर की कीमत में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट आने का मुख्य कारण यही है और इससे कंपनी का बाजार मूल्यांकन 3,000 अरब डॉलर से नीचे आ गया है।

हालांकि, निवेशक मंगलवार को एप्पल द्वारा पेश किए गए उत्पादों से अधिक प्रभावित नहीं दिखे। मंगलवार को कंपनी के शेयरों में लगभग दो प्रतिशत की गिरावट आई। एप्पल ने अपने आईफोन 15 प्रो मैक्स मॉडल में पर्याप्त नई खूबियां जोड़ी हैं। इससे इस मॉडल की शुरुआती कीमत पिछले साल के संस्करण से 100 डॉलर या नौ प्रतिशत बढ़कर 1,200 डॉलर हो गई है। कंपनी का सबसे सस्ता आईफोन 15 प्रो मैक्स अब 256 मेगाबाइट स्टोरेज प्रदान करेगा। आईफोन 14 प्रो मैक्स के कम महंगे संस्करण के लिए यह 128 मेगाबाइट है। एप्पल अपनी इस श्रृंखला के तहत बेसिक आईफोन 15 को 800 डॉलर में, आईफोन 15 प्लस को 900 डॉलर में और आईफोन 15 प्रो को 1,000 डॉलर में बेच रही है। इन्वेस्टिंग.कॉम के विश्लेषक थॉमस मोंटेरियो का मानना है कि इन कीमतों को कायम रखने से एप्पल का मुनाफा मार्जिन प्रभावित होगा और इससे कंपनी के शेयर के भाव पर असर पड़ेगा।

सनातन धर्म भारत का राष्ट्रीय धर्म, इस धर्म पर पहले भी प्रहार होते रहे हैं : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंदौर। सनातन धर्म को ''भारत का राष्ट्रीय धर्म'' बताते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि इस धर्म पर पहले भी प्रहार होते रहे हैं और दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में आज भी कई लोग इसे कोस रहे हैं। योगी ने यह बात ऐसे वक्त में कही जब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म संबंधी बयान पर उपजे विवाद के बाद भाजपा लगातार आरोप लगा रही है कि विपक्षी ''इंडिया'' गठबंधन सनातन धर्म विरोधी है। उन्होंने इंदौर के नाथ मंदिर में ध्वज स्तंभ के अनावरण समारोह में कहा,''सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है। इसकी शाश्वतता पर कोई भी व्यक्ति सवाल खड़ा नहीं कर सकता।'' उन्होंने कहा कि पौराणिक काल से ईश्वर की वास्तविकता पर अविश्वास और सनातन धर्म पर प्रहार किया जाता रहा है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी कई लोग भारत में रहकर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

सनातन धर्म को कोस रहे हैं । योगी ने कहा, ''रावण ने भी ईश्वर की वास्तविकता पर प्रहार का प्रयास किया था, लेकिन परिणाम क्या हुआ । रावण को उसके अहंकार ने समाप्त कर दिया।'' उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू कोई धर्म सूचक शब्द नहीं, बल्कि भारतीयों के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला सांस्कृतिक संबोधन है। उन्होंने कहा, ''..लेकिन दुर्भाग्य है कि कुछ लोगों ने हिंदू संबोधन को भी संकुचित दायरे में लाने का प्रयास किया है।''

'भारत और इंडिया' विवाद पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को पौराणिक काल से ही भारत के नाम से संबोधित किया जाता रहा है और इसके नागरिकों को हिंदू कहा जाता रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुस्लिम जब हज करने मक्का जाते हैं, तो सऊदी अरब में उन्हें ''हिंदू'' कहकर ही संबोधित किया जाता है। जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने हाल ही में भारत आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की तारीफ करते हुये योगी ने कहा, ''सुनक कहते हैं कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। उन्हें मंदिर जाने, गौ माता की पूजा करने, संतों के सानिध्य में बैठने और जय श्रीराम तथा जय सिया राम कहने में कोई

अनावरण

नई दिल्ली में बुधवार को बैडमिंटन खिलाड़ी और हार्वेस्ट गोल्ड रेस 2023 की राजदूत साइना नेहवाल ने हार्वेस्ट गोल्ड के एमडी राज कंवर सिंह के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में रेस की जर्सी का अनावरण किया।

'द वैक्सीन वार' फिल्म से भारत के दुश्मन बेनकाब होंगे: विवेक अग्निहोत्री

मुंबई/भाषा

फिल्म निर्माता विवेक रंजन अग्निहोत्री ने मंगलवार को दावा किया कि उनकी फिल्म द वैक्सीन वॉर उन लोगों को बेनकाब करेगी, जिन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए स्वदेशी टीके के निर्माण को बाधित करने की कोशिश की थी। निर्देशक के अनुसार, यह ''जैव विज्ञान'' पर आधारित भारत की पहली फिल्म है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म कोविड-19 महामारी के दौरान भारत और दुनिया के लिए एक किफायती टीका विकसित करने की भारतीय वैज्ञानिकों की सच्ची कहानी पर आधारित है।

अग्निहोत्री ने फिल्म का ट्रेलर जारी होने के मौके पर कहा, द वैक्सीन वॉर में कुछ नेताओं के साथ-साथ प्रमुख पत्रकारों के नाम लेने से भी परहेज नहीं किया गया है, जिन्होंने विदेशी टीकों को बढ़ावा दिया था। उस समय, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था कि कुछ लोग भारत

और हमारे जीवन को बेच रहे थे। कुछ लोगों को विदेशी टीकों को बढ़ावा देने के लिए पैसे मिल रहे थे और वे अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए भारतीय टीके को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, जिनके नाम लिए गए हैं, वे हमेशा देश के हित में होने वाली किसी भी चीज़ के खिलाफ खड़े होते हैं। इसलिए, जाहिर है अगर हम 'द वैक्सीन वॉर' नामक फिल्म बना रहे हैं, तो भारत के दुश्मन बेनकाब होंगे।' फिल्म में नाना पाटेकर, सप्तमी गौड़ा, पल्लवी जोशी, राइमा सेन और अनुपम खेर प्रमुख भूमिका में हैं। द कश्मीर फाइल्स, द ताशकंद फाइल्स और हेट स्टोरी जैसी फिल्मों के निर्देशक अग्निहोत्री ने कहा कि यह फिल्म भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के पूर्व महानिदेशक बलराम भार्गव की पुस्तक गोइंग वायरल: मेकिंग ऑफ कोवैक्सिन पर आधारित है। पल्लवी जोशी और 'आई एम बुद्धा' कंपनी ने द वैक्सीन वॉर का निर्माण किया है। यह 28 सितंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

अमिताभ बच्चन ने मेंढक के साथ अपनी मुलाकात की कहानी साझा की

मुंबई/एजेन्सी

कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 के होस्ट दिग्गज बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन अक्सर शो के सेट पर निजी किस्से साझा करते रहते हैं। अब, क्विज-बेस्ड रियलिटी शो के एपिसोड 22 में बिग बी ने एक मेंढक के साथ अपने बचपन का एक मजेदार किस्सा साझा किया। हरियाणा के मंडी डबवाली की इशिता गोयल ने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट जीतकर हॉट सीट पर अपनी जगह पक्की की। 3,000 रुपये के सवाल के लिए उनसे पूछा गया: इनमें से कौन सा जानवर अपनी जीभ का उपयोग कर अपने शिकार को पकड़ता है? दिए गए विकल्प थे- शार्क, बिल्ली, पतंग और मेंढक। ऑडियंस पोल लाइफलाइन का उपयोग करने के बाद, इशिता ने सही उत्तर दिया, जो मेंढक था।

जवाब के बारे में बात करते हुए बिग बी ने कहा, मेंढक की जीभ अनोखी होती है। वह तेजी से जीभ बाहर निकालकर कीड़ों को पकड़ सकता है। शिकार को कुशलता से पकड़ने के लिए जीभ चिपचिपी होती है। इसलिए, शिकार उनकी जीभ से चिपक जाता है और फिर मेंढक इसे खा जाता है। पुरानी बातों

को याद करते हुए 80 वर्षीय अभिनेता ने कहा, एक बार, मैं मिस्टर मेंढक के संपर्क में आया था, बचपन के दौरान, जब मैं इलाहाबाद में रहता था। गर्मी में रात में, हम अपना बिस्तर लॉन पर लगाते थे और खुली हवा में सोते थे। उन्होंने कहा, मैं तब बच्चा था और मेरा हाथ बिस्तर से बाहर चला गया। अचानक एक मेंढक आया और उसने सोचा कि यह कोई खाने लायक शिकार है। मैंने मेंढक को जीभ बाहर निकालते हुए देखा। मैं तब से सावधान हूं। मैंने कभी अपना हाथ बाहर नहीं निकाला और अपनी जेब में ही रखकर सोने लगा। 'कौन बनेगा करोड़पति 15' सोनी पर प्रसारित होता है।

शाहिद कपूर के साथ काम करना चाहती है सान्या मल्होत्रा

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा, तब्बू और शाहिद कपूर के साथ काम करना चाहती है। सान्या मल्होत्रा ने शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान में काम किया है। इससे पूर्व सान्या, आमिर खान के साथ फिल्म दंगल में काम कर चुकी है।सान्या मल्होत्रा ने बताया है कि अब किन सितारों के साथ काम करना चाहती हैं। सान्या मल्होत्रा ने बताया कि वह तब्बू के साथ और शाहिद कपूर के साथ डांस फिल्म में काम करना चाहती हैं। सान्या मल्होत्रा ने बताया कि वह विक्की कौशल और राजकुमार राव के साथ दोबारा काम करना चाहती हैं, क्योंकि वे शानदार एक्टर हैं।विक्की-सान्या जल्द ही सैम बहादुर फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। सान्या ,राजकुमार राव के साथ लुडो और हिट: द फर्स्ट केस में नजर आ चुकी हैं।

'द ग्रेट इंडियन फैमिली' का ट्रेलर जारी

मुंबई/एजेन्सी

इस साल 'जरा हटके जरा बचके' जैसी बॉक्स ऑफिस हिट देने के बाद एक्टर विक्की कौशल अब अपनी अगली फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' के साथ तैयार हैं। आज मंगलवार (12 सितंबर) को यशराज फिल्म्स बैनर की इस मूवी का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसमें विक्की का जबरदस्त अंदाज दिख रहा है।

वे फिल्म में 'भजन कुमार' उर्फ 'वेद व्यास त्रिपाठी' का किरदार निभा रहे हैं, जिसमें वो खूब जमे हैं। कहानी है बलरामपुर शहर की, जहां 'भजन कुमार' रहते हैं और वो अपने शहर के फेवरेट हैं। 'भजन कुमार' बलरामपुर के पुश्तैनी पंडित के घर से ताल्लुक रखते हैं। वो पूजा पाठ कराते हैं। वहीं इसके अलावा 'भजन कुमार' भजन करने के लिए भी फेमस हैं। वो एक युवा हैं और नौजवान लड़कों की तरह मौज मस्ती भी करते हैं लेकिन उन्हें दिक्कत तब होती है जब कोई इस उम्र में उनसे आशीर्वाद मांगता है। 'भजन कुमार' और उसके परिवार की जिंदगी में तब ट्विस्ट आता है जब पता चलता है कि असल में 'भजन कुमार' एक मुस्लिम है।

विजय कृष्ण आचार्य द्वारा निर्देशित फिल्म में मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा, सादिया सिद्दीकी, अलका अमीन, सृष्टि दीक्षित, भुवन अरोड़ा, आशुतोष उज्जवल, भारती पेरवानी जैसे कलाकार भी हैं। इस पारिवारिक मनोरंजन फिल्म में विक्की के साथ मानुषी छिल्लर की जोड़ी है। फिल्म 22 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

श्रीराम के बाद भगवान शिव का किरदार निभायेंगे प्रभास

मुंबई/वार्ता

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास सिल्वर स्क्रीन पर भगवान शिव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। प्रभास ने फिल्म 'आदिपुरुष' में श्रीराम का किरदार निभाया था। प्रभास एक बार और मायथोलॉजिकल किरदार निभा सकते हैं। कहा जा रहा है कि इस बार वह भगवान शिव बनने के लिए तैयार हैं। यह तेलुगू फिल्म होगी, जिसका नाम 'भक्त कनप्पा' होगा। यह फिल्म विष्णु मांचू का ड्रीम प्रेजोक्ट है, जिसमें प्रभास का इम्पॉर्टेंट रोल होने वाला है। बताया जा रहा है कि प्रभास इस फिल्म में कैमियो रोल में नजर आने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में फीमेल लीड कृति सेनन की बहन

नुपूर होंगी। भक्त कनप्पा को बड़े बजट की फिल्म बताया जा रहा है। इसका निर्देशन मुकेश कुमार सिंह करेंगे। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग न्यूजीलैंड में होगी। वहां फिल्म के लिए बड़े और आलीशान सेट तैयार किए जा रहे हैं।

नहीं रहे हिन्दी फिल्मों के हास्य अभिनेता बीरबल खोसला

मुंबई/एजेन्सी

हिंदी फिल्मों के मशहूर कॉमेडी एक्टर बीरबल का निधन हो गया। उन्होंने 84 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। उनका ओरिजिनल नाम सतिंदर कुमार खोसला है। उनके जाने से पूरे फिल्म जगत में शोक की लहर है। हर कोई स्तब्ध है कि अब वो नहीं रहे। उन्होंने कई शानदार फिल्मों में अपने कॉमिक रोल्स से जाने जाते थे। सालभर पहले भी उनकी फिल्म आई थी। वह लंबे समय से बढ़ती उम्र से जुड़ी बीमारियों से परेशान थे और अस्पताल में भर्ती थे। फिल्म अनीता की शूटिंग के दौरान मनोज कुमार और निर्देशक राज खोसला को उनका नाम नॉन-फिल्मी लगा। उन्होंने सतिंदर कुमार खोसला को बीरबल का नाम दिया। बीरबल ने मनोज कुमार की फिल्म उपकार से डेब्यू किया था। उन्होंने अमीर गरीब, रास्ते का पत्थर, सुन मेरी लैला, अनीता, इंसान, एक महल का सपना हो, मोहब्बत की आरजू, बलिदान, चोरी मेरा काम, ईमानदार, दो बदन, पगला कहीं का जैसी हिंदी, मराठी और भोजपुरी में 500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।

'अमीर गरीब', 'रास्ते का पत्थर', 'सुन मेरी लैला', 'अनीता', 'इंसान', 'एक महल का सपना हो', 'मोहब्बत की आरजू', जैसी तमाम फिल्मों में अभिनय का जादू चला चुके बीरबल खोसला मुंबई के भारतीय अरोग्य अस्पताल में भर्ती थे। एक्टर जॉनी लीवर ने ही इस बात की जानकारी दी है कि एक्टर का देहांत हो गया। कल 13 सितंबर को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा, क्योंकि बेटा सिंगापुर में रहता है, वह जब आएगा, उसके बाद ही शव को पंचतत्व में विलीन किया जाएगा। इस तकलीफ से जूझ

रहे थे बीरबल खोसला एक्टर राजकुमार कनौजिया ने बताया कि बीरबल खोसला को बढ़ती उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं थीं। लेकिन घुटने में तकलीफ ज्यादा थी। वह चल नहीं पाते थे। हालांकि पैसे की कोई कमी नहीं थी। क्योंकि बेटा सिंगापुर में नौकरी करता है और वो खर्चा-पानी भेजा करता था। अब परिवार में उनके पत्नी हैं, जो कि अंधेरी के सात बंगला में रह रही हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जगत में हरेक आत्मा का स्वभाव ज्ञान है। जीवों की रक्षा करना ज्ञानाचार है। उपशम बिना चारित्र का पालन नहीं होता। बड़े दिन जब भी आए, पांच मंदिरों के दर्शन करने चाहिए। वीर्याचार का पालन पांच मंदिर जाने से फलित होता है। चतुर्विध संघ साथ में रहने से उल्लास, अन्य लोगों के हृदय में प्रेम का प्रकाश प्रकट होता है। जिनशासन का ध्वज कभी झुकता नहीं है। यह आन, बान, शान का प्रतीक है। झुकना वहीं सफल है, जहां अपने कर्म झुक जाए। हमें कदाग्रह, पूर्वाग्रह और हमारी पकड़ों को झुकाना है। ज्ञानी कहते हैं आप अपनी पकड़ों को छोड़ दो तो प्रभु आपको पकड़ लेंगे।

मणिलाल गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां साहूकारपेट स्थित मणिलाल एम मेहता गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन की याद में मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हंसा ग्रुप आफ कंपनी के निदेशक अनिल कांतिलाल शाह तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया साहुकारपेट ब्रांच के ब्रांच मैनेजर हलायडु तथा कमेटी मेंबर रोहित मेहता, वंदना बेन डोलिया, मुकेश भाई मेहता तथा अमीषा खिमानी और स्कूल की प्रधानाचार्य शशिकला एस तथा शिक्षक और छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की छात्राओं के विविध ग्रुप जैसे की बैंड गर्ल्स, वेलकम गर्ल्स, स्काउट गाइड ग्रुप, जेआरसी गर्ल्स द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य ने स्वागत भाषण दिया तथा अतिथियों ने अपने भाषण में शिक्षक दिवस की विशेषता तथा शिक्षकों की सेवाओं को बताते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने भी तमिल, गुजराती, हिंदी, अंग्रेजी में भाषण देकर शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता के भाव प्रकट किए। इस विशेष अवसर पर कक्षा बारहवीं तथा कक्षा दसवीं के गत वर्ष के 1007 परिणाम के लिए शिक्षकों को प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विविध अंतर विद्यालयी प्रतियोगिताओं जैसे की रंगोली, आरती थाली की सजावट, ज्वैलरी मेकिंग, मेहंदी, कार्ड मेकिंग जैसी प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को भी ईनाम देकर प्रोत्साहित किया गया।

मानव को मानव से जोड़ने का पर्व है पर्युषण : देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में श्रद्धा भरे माहौल के बीच पर्युषण पर्व के अनुष्ठानों का आरंभ हुआ। पर्यूषण पर्व के दौरान सुबह पूजा-पक्षाल, प्रवचन और शाम को प्रतिक्रमण होगा। आचार्यश्री ने पर्युषण पर्व के ऊपर अपने मार्मिक उद्गार प्रगट करते हुए कहा की पर्युषण पर्व का शाब्दिक अर्थ है- आत्मा में अवस्थित होना। पर्युषण शब्द परि उपसर्ग व वस् धातु इसमें अन् प्रत्यय लगने से पर्युषण शब्द बनता है।पर्युषण यानी 'परिसमन्तात-समग्रतया उषणं वसनं निवासं करणं'- पर्युषण का एक अर्थ है- कर्मों का नाश करना। कर्मरूपी शत्रुओं का नाश होगा तभी आत्मा अपने स्वरूप में अवस्थित होगी अत: यह पर्युषण-पर्व आत्मा का आत्मा में निवास करने की प्रेरणा देता है। पर्युषण महापर्व आध्यात्मिक पर्व है। इसका जो केंद्रीय तत्व है, वह है आत्मा।

आत्मा के निरामय, ज्योतिर्मय स्वरूप को प्रकट करने में पर्युषण महापर्व अहं भूमिका निभाता रहता है। अध्यात्म यानी आत्मा की सन्निकटता। यह पर्व मानव-मानव को जोड़ने व मानव हृदय को संशोधित करने का पर्व है। यह मन की खिड़कियों, रोशनदानों व दरवाजों को खोलने का पर्व है। भगवान महावीर ने क्षमा यानी समता का जीवन जीया। वे चाहे कैसी भी परिस्थिति आई हो, सभी परिस्थितियों में सम रहे।

आचार्यश्री ने कहा कि जब दो वस्तुएँ आपस में टकराती हैं, तब प्रायः आग पैदा होती है। ऐसा ही आदमी के जीवन में भी घटित होता है। जब व्यक्तियों में आपस में किन्हीं कारणों से टकराहट पैदा होती है, तो प्रायः क्रोधरूपी अग्नि भभक उठती है और यह अग्नि न जाने कितने व्यक्तियों एवं वस्तुओं को अपनी चपेट में लेकर जला, झुलसा देती है। इस क्रोध पर विजय प्राप्त करने का श्रेष्ठतम उपाय क्षमा-धारण करना ही है और क्षमा-धर्म को प्राप्त करने का अच्छा उपाय है कि आदमी हर परिस्थिति को हँसते-हँसते, यह विचार कर स्वीकार कर ले कि यही मेरे भाग्य में था। पर्युषण पर्व भी इसी कला को समझने, सीखने एवं जीवन में उतारने का दिन होता है।

तिरुपुर में राणी सती दादी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुपुर। दादी परिवार द्वारा हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी राणी सती दादी का 13वां, जन्मोत्सव गणेश मन्दिर रायपुरम तिरुपुर मे मनाया, जिसमें कीबि 150 महिलाओं ने भाग लिया तथा भजनों की प्रस्तुति दी। दादी परिवार की अध्यक्ष शीला शाह, सरोज पत्ती, सुमन गुप्ता, प्रभा तोदी, वीरा कामदार, मीनाक्षी सरावगी, सरिता तुल्सयान, मनीषा अग्रवाल, चंदा डीडवानिया, मंजु जैन, मधु चौधरी की ओर से महाप्रसाद का वितरण किया गया। महिलाओं ने झूमकर व नाचकर दादी का जन्मोत्सव मनाया व बधाइयां बांटी। दादी परिवार की अध्यक्ष शीला शाह ने सभी को धन्यवाद दिया।

ज्ञान ही सर्व दुख कर्म से मुक्ति देता है : डॉ वैभवरत्नविजय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां के साहुकारपेट स्थित राजेन्द्र भवन में आचार्यश्री जयंतसेनसूरीश्वरजी म. सा. के शिष्य मुनि डॉ. वैभवरत्नविजयजी म. सा. ने बुधवार को अपने प्रवचन में कहा कि साधर्मिक भक्ति की सौंदर्यता जीवन में सर्वश्रेष्ठ मंगल सत्य है और सत्य एक ही है केवलि भगवंत द्वारा कहा हुआ धर्म और उनके अमूल्य वचन ही है। जो ज्ञान सत्य है, शुद्ध है, स्पष्ट है वह ज्ञान ही सर्व दुख कर्म से मुक्ति देता है। जीवन में ईमानदारी सर्वश्रेष्ठ धर्म है जो मानव के पास यह धर्म है उसे कुदरत के पूर्ण आशीर्वाद, सहाय मिलती है। हमारे धन से हमारे दुखी, निर्धन साधर्मिकों की ऐसी भक्ति करें कि वह कभी भी दुखी रहे ही नहीं। आबू संघवी जी ने 350 भाइयों को स्वयं जैसे करोड़पति बने थे। आचार्यश्री राजेंद्रसूरी आने स्वयं के जीवन में जो मृत्यु का दुख देने आए ऐसे मानव को भी माफ कर दिया था क्षमाधर्म की पराकाष्ठा को उन्होंने पाया था। परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ भक्ति उनके वचनों का पूर्ण रूप से पालन ही है।

साधनों से नहीं, साधना से आत्मा को मोक्ष मिलता है : महासती धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के साहुकारपेट में पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के द्वितीय दिवस महासती धर्मप्रभाजी ने कहा कि साधनों से नहीं साधना से आत्मा को मोक्ष मिलता है। मनुष्य साधन कितने ही प्राप्त करले, लेकिन आत्मा को सदगति और मोक्ष तो साधना करने पर ही मिलेगा। वर्तमान में भागमभाग के युग में व्यक्ति साधनों से इधर-उधर भटकता रहता है। अधिक पाने की लालसा में साधना के बजाय साधनों को महत्व दे रहा है, लेकिन साधन जीवन में काम नहीं आएंगे। साधना से ही मनुष्य अपनी आत्मा को सदगती और मोक्ष दिला सकता है। पर्युषण महापर्व में इंसान जितना अधिक साधना और आराधना एवं तप करेगा उतनी ही अपने कर्मो निर्जरा कर सकता है।

साध्वी स्नेहप्रभाजी ने अंतगडसा सूत्र वांचना करते हुए कहा कि मानव भव अमूल्य रत्नों के समान है लेकिन मनुष्य साधनों में जीवन का सुख खोज रहा है। साधन से सुख नहीं मिलने वाला है और न ही आत्मा को मुक्ति मिल सकती है जब मनुष्य साधनों में सलग्न रहेगा तब तक संसार में भटकता ही रहेगा। आत्मा का उत्थान और जीवन का निर्माण तप जप और साधना से ही हो सकता है,साधनों से नहीं हो सकता है। साहुकारपेट जैन संघ के कार्याध्यक्ष महावीरचन्द सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अनेक तपस्वियों ने अनेक तपस्या के प्रत्याख्यान लिए। धर्मसभा में गुरु गणेश धाम के अध्यक्ष किशनलाल खाबिया, अमरचन्द कोठारी का संघ के अध्यक्ष अजितराज कोठारी, महामंत्री सज्जनराज सुराणा, हस्तीमल खटोड़, सुरेश डूंगरवाल, मोतीलाल ओस्तवाल, रमेश दरड़ा, जितेन्द्र भंडारी, महावीर कोठारी, बादलचन्द कोठारी, शांतिलाल दरड़ा, शम्भूसिंह कावड़िया, अशोक सिसोदिया, भरत नाहर, कमल खाबिया आदि ने स्वागत किया।

एक तिहाई पापों से बचाता है वाणी संयम : डॉ. दिलीप धींग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। स्थानकवासी जैन स्वाध्याय संघ, तमिलनाडु की ओर से केएलपी अभिनंदन स्थित संयम वाटिका में आयोजित पर्युषण व्याख्यानमाला में बुधवार को शोध-प्रमुख साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने कहा कि आवश्यक सूत्र में 18 पाप बताए गये हैं, उनमें से केवल वाणी विवेक से ही सात पापों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि झूठ, क्रोध, कलह, निंदा, चुगली, कलंक आदि पापों को वाणी संयम से टाला जा सकता है। अपना बहुचर्चित जय जिनेन्द्र गीत सुनाते हुए कवि डॉ. धींग ने कहा कि संपूर्ण प्राणी जगत में केवल मनुष्य के पास ही विकसित वचन संपदा है। मनुष्य ने शब्द, भाषा, व्याकरण, काव्य और साहित्य के माध्यम से अपनी वाणी को बहुत समृद्ध बनाया है, इसलिए वचनों की दरिद्रता नहीं रखनी चाहिये। स्वाध्यायी अनिता मकाणा ने अर्थ सहित आगम वाचन किया। स्वाध्यायी प्रसन्न भंसाली ने विचार रखे। सुजीत मकाणा को डॉ. धींग ने अपना साहित्य भेंट किया।

जी-20 का आयोजन वैश्विक शक्ति के रुप में भारत की मान्यता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/वार्ता। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संवैधानिक संस्थाओं को कलंकित और अपमानित करने की साजिशों को बेअसर करने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि जी -20 का भव्य आयोजन एक वैश्विक शक्ति के रुप में भारत की मान्यता थी।

धनखड़ ने आज यहां सप्रू हाउस में विश्व मामलों की भारतीय परिषद (आईसीडब्ल्यूए) के अनुसंधान संकाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता एक बड़ी उपलब्धि थी। एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरते हुए भारत की सभी पक्षों में वैध और उचित मान्यता थी और इससे वैश्विक सहमति बनी। उन्होंने ने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत की भूमिका की व्यापक सराहना की और जी- 20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की सफलता का उल्लेख किया। वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने 'फ्रैजाइल फाइव' का हिस्सा बनने से लेकर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने तक की भारत की यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भारत में हो रही कुछ उपलब्धियां एक समय दुनिया के लिए कल्पना से परे लगती थीं। उन्होंने कहा कि दुनिया कभी सोच भी नहीं सकती कि धर्म, जाति, पंथ और भाषा की विविधता वाले देश में ऐसा हो सकता है।

धनखड़ ने कहा कि भारत के बारे में समय-समय पर फैलाई जाने वाली खतरनाक, भयावह कहानियों का मुकाबला करने में सबसे आगे रहने चाहिए। उन्होंने कहा, केवल हमारे संवैधानिक संस्थानों को कलंकित करने, धूमिल करने, अपमानित करने और नष्ट करने के लिए बनाई गई ऐसी रणनीति को बेअसर करने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उपराष्ट्रपति ने शोधकर्ताओं से लोगों को राष्ट्र की उपलब्धियों से अवगत कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आप देश के हर बाहरी व्यक्ति के लिए और दुनिया के हर भारतीय नागरिक के लिए खिड़की हैं।

झुकना वहीं सफल है, जहां अपने कर्म झुक जाए : आचार्य उदयप्रभ सूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। स्थानीय किलपॉक जैन संघ में विराजित आचार्यश्री उदयप्रभसूरीश्वरजी ने अष्टान्हिका प्रवचन में कहा कि पर्युषण के पांच कर्तव्य बताए गए हैं। अमारी प्रवर्तन यानी अहिंसा का आचरण, साधर्मिक भक्ति, क्षमापना, अट्ठम तप और चैत्यपरिपाटी। उन्होंने कहा जगत में हरेक आत्मा का स्वभाव ज्ञान है। जीवों की रक्षा करना ज्ञानाचार है। उपशम बिना चारित्र का पालन नहीं होता। बड़े दिन जब भी आए, पांच मंदिरों के दर्शन करने चाहिए। वीर्याचार का पालन पांच मंदिर जाने से फलित होता है। चतुर्विध संघ साथ में रहने से उल्लास, अन्य लोगों के हृदय में प्रेम का प्रकाश प्रकट होता है। उन्होंने चैत्यपरिपाटी का एक उदाहरण देते हुए कहा जिनशासन का ध्वज कभी झुकता नहीं है। यह आन, बान, शान का प्रतीक है। उन्होंने कहा झुकना वहीं सफल है, जहां अपने कर्म झुक जाए। हमें कदाग्रह, पूर्वाग्रह और हमारी पकड़ों को झुकाना है। ज्ञानी कहते हैं आप अपनी पकड़ों को छोड़ दो तो प्रभु आपको पकड़ लेंगे।

पांच इंद्रियों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि सबसे संवेदनशील इंद्रिय स्पर्शेंद्रिय है। शरीर में सबसे ज्यादा व्यापकता स्पर्शेंद्रिय की है। इसकी सात परतें हैं। यह हमें दिखता नहीं है लेकिन महसूस होता है। स्पर्श के कारक हर इंद्रियों में शामिल है। लोग कहते हैं हाथ, पैर सभी में इंद्रियों जैसा कंपन है लेकिन जिनशासन कहता है इंद्रियां पांच ही होती है। स्पर्शेंद्रिय का पालन करना हो तो अमारी प्रवर्तन का पालन करो। निंदा के भाव से बचना है तो आदर के भाव से साधर्मिक भक्ति करो। ग्यारह वार्षिक कर्तव्य संघपूजा, साधर्मिक भक्ति, तीन यात्रा यानी रथ यात्रा, तीर्थ यात्रा और अष्टान्हिका यात्रा, देव द्रव्य में वृद्धि, स्नात्र उत्सव, महापूजा, धर्म जागरण, श्रुत पूजा, उझमणा, तीर्थ प्रभावना और शुद्धि यानी भव आलोचना बताए गए हैं। ये ग्यारह कर्तव्य साल में एक बार जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा शुभ काम करते रहो, भले ही आपका मन बिगड़ा रहे। मन का सौंदर्य शुभ काम से ही आएगा। मन तो बहुत चंचल है। अपने मन को मत देखो, आराधना के कर्तव्य को देखो। आज तक हमने अपने मन के विचारों को देखा है। स्नात्र पूजा के भाव में मानव देवलोक के देव-देवियों से भी आगे होते हैं। स्नात्र उत्सव साल में एक बार तो अवश्य करना चाहिए। मंगलवार को गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष में संघ ने जीवदया के कार्यक्रम घोषित किए।

आत्मा को वैराग्य से वीतरागता की ओर ले जाता है पर्युषण : साध्वी चैतन्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां पुरुषवाक्कम के एएमकेएम सेन्टर में विराजित साध्वीश्री चैतन्यश्रीजी ने अपने प्रवचन में बताया कि अंतगड सूत्र यह पवित्र आगम है, जिसका वांचन पर्युषण पर्व जैसे पवित्र दिनों में पढ़ा जाता है। गुरु दरबार में बीज बनकर आता है तो वृद्धि को पाता है। जिनवाणी में भीगना है पर भीग कर रुकना नहीं है। रुकोगे तो कीचड़ बन जाओगे पर बदलोगे तो फसल बन जाओगे। इस सूत्र में कई महापुरुष जिनेंद्र की वाणी में ऐसे भीगे की उनका जीवन ही बदल गया। ऐसी वाणी पर्वाधिराज पर्युषण पर्व में हमें सुनना है। पर्युषण मनाने के लिए हमारी आत्मा को वैराग्य से वीतरागता की ओर लेकर जाना है। इस सूत्र में दो तीर्थंकर के शासन का वर्णन आया है। पहला अरिष्टनेमी भगवान और दूसरा महावीर भगवान। अरिष्टनेमि भगवान के चरणों में जिन महापुरुषों ने शीश रखा उनके जीवन का कल्याण कर जन्म मरण का अंत किया।

साध्वी सुबोधिजी ने कहा कि जर्नी ऑफ जॉय करना है तो शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बॉडी सपोर्ट बनाना है, शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए गुटखा आदि नहीं खाना चाहिए। बैक सपोर्ट में गुरु की कृपा तथा गुड सपोर्ट रखकर जर्नी ऑफ जॉय किया जा सकता है। प्रचार प्रसार समिति के संयोजक गौतमचंद गुगलिया ने बताया की शनिवार 16 तारीख को प्रभु महावीर का जन्म वाचन किया जायेगा। महावीर के 27 भवों पर एक लघु नाटिका का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचंद पावेचा ने दी।

जिनचन्द्रसूरी गुरु की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई बड़ी पूजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां के आरएस पुरम् स्थित कोयम्बटूर जैन खरतरगच्छ संघ में बुधवार को द्वितीय दादा गुरुदेवश्री जिनचंद्रसूरीश्वरजी की 857वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दादा गुरुदेव की बड़ी पूजन का आयोजन किया गया। बड़ी पूजा के लाभार्थी पोलिफाइंस इंडिया परिवार रहा। मुनिश्री मुक्तिप्रभसागरजी ने बड़ी पूजा में विधिपूर्वक पूजन करवाया। गणिवर्य मनिषप्रभसागरजी, मुक्तिप्रभसागरजी के सान्निध्य में अनुष्ठान करवाया गया।

इस पूजन में संघ अध्यक्ष सुरेंद्र गोलेछा, मोहनचंद गोलेछा, संघ सचिव श्यामसुंदर लूनिया, उपाध्यक्ष पूनम झाबक, किशोर गोलेछा, प्रदेश युवक अध्यक्ष दीपक नाहटा, कोयम्बटूर इकाई युवक परिषद अध्यक्ष प्रकाश बोथरा और महिला परिषद के शकुंतला गोलेछा, केएमपी अध्यक्ष शिल्पा नहाटा आदि ने भजन कीर्तन प्रस्तुत किए। इस पूजन के लाभार्थी का संघ द्वारा सम्मान किया गया।

मुनिश्री ने दादा गुरुदेव के बचपन से दीक्षा और पूरी जिदंगी की जानकारी दी।

स्वाध्याय आत्मदर्शन का दर्पण है : साध्वी लावण्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां साहुकारपेट के तेरापंथ जैन विद्यालय में विराजित साध्वीश्री लावण्यश्री के सान्निध्य में पर्युषण पर्व का द्वितीय दिवस स्वाध्याय दिवस के रूप में मनाया गया। साध्वीश्री सिद्धांतश्रीजी व दर्शितप्रभाजी ने स्वाध्याय दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। साध्वीश्री लावण्याश्रीजी ने धर्म परिषद को संबोधित करते हुए कहा कि स्वाध्याय आत्मदर्शन का दर्पण है, यह हर व्यक्ति की आत्मा पर जमी हुई कालीमा को दूर कर व्यक्तित्व को सजाता संवारता है। वंदनीया साध्वी श्री जी ने अपने मुख्य प्रवचन में स्वाध्याय की महता पर प्रकाश डालते हुए मंगल उद्बोधन में फरमाया स्वाध्याय एक महकता गुलशन है, जिससे ज्ञानावरणीय कर्म का क्षय होता है, स्वाध्याय से हमारे पूर्व संचित कर्म की विशुद्धि होती है। सम्यक ज्ञान की प्राप्ति के लिए आगम स्वाध्याय का विशेष महत्व बताया गया है, आपने कथाओं एवं घटनाओं के माध्यम से आज के विषय पर रोचक विवेचना प्रस्तुत की ।

पर्युषण पर्व के उपलक्ष में साध्वीश्रीके सान्निध्य में तेरापंथ विद्यालय साहूकारपेट के प्रांगण में आध्यात्मिक शिविर भी आयोजित किया गया है। सभा के मंत्री अशोक खंतग द्वारा अग्रिम कार्यक्रमों की सूचनाओं एवं सभा अध्यक्ष द्वारा श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया गया।

दूसरे दिन मनाया गया स्वाध्याय दिवस

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.